## दिनांक 28.01.2025 को आयोजित धनबाद मंडल संसदीय समिति की बैठक का कार्यवृत

### उपस्थित माननीय सांसद / सांसद प्रतिनिधि एवं रेल अधिकारी

| क्र. सं. | उपस्थित माननीय सांसद / माननीय सांसदों के प्रतिनिधि | क्र. सं. | उपस्थित रेल अधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री विष्णु दयाल राम जी, माननीय सांसद पलामू सह अध्यक्ष "मंडल संसदीय समिति" धनबाद | 1. | महाप्रबंधक / पूर्व मध्य रेल , हाजीपुर |
| 2. | श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी जी, माननीय सांसद, गिरिडीह | 2. | महाप्रबंधक के सचिव / पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर |
| 3. | श्री कालीचरण सिंह जी, माननीय सांसद, चतरा | 3. | प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक / पूर्व मध्य रेल,हाजीपुर |
| 4. | माननीया महिला बाल विकास मंत्री भारत सरकार, श्रीमती अन्नपूर्णा देवी जी के प्रतिनिधि श्री राजकुमार यादव जी | 4. | प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक / पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर |
| 5. | माननीय रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार, श्री संजय सेठ जी के प्रतिनिधि श्री शैलेन्द्र शर्मा जी | 5. | प्रधान मुख्य अभियंता / पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर |
| 6. | माननीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री भारत सरकार, श्री जीतन राम मांझी जी के प्रतिनिधि श्री रोमित कुमार जी | 6. | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण / पूर्व मध्य रेल ,हाजीपुर |
| 7. | माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री भारत सरकार श्री हरदीप सिंह पुरी जी के प्रतिनिधि श्री श्रीकृष्णा गौतम जी | 7. | प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता / पूर्व मध्य रेल ,हाजीपुर |
| 8. | श्री ढुलू महतो जी माननीय सांसद, धनबाद के प्रतिनिधि श्री नितिन भट्ट जी | 8. | मुख्य यात्री यातायात प्रबंधक / पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर |
| 9. | श्री मनीष जायसवाल जी माननीय सांसद, हजारीबाग के प्रतिनिधि श्री राजीव जायसवाल जी | 9. | उप महाप्रबंधक (सा.) / पूर्व मध्य रेल , हाजीपुर |
| 10. | डॉ0 राजेश मिश्र जी माननीय सांसद ,सीधी के प्रतिनिधि श्री रामजी गुर्जर जी | 10. | मुख्य जनसंपर्क अधिकारी / पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर |
| 11. | डॉ0 प्रदीप कुमार वर्मा जी माननीय राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि श्री संजीव कुमार जी | 11. | मंडल रेल प्रबंधक/ पूर्व मध्य रेल , धनबाद |
| 12. | श्रीमती महुआ माजी जी माननीया राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि श्री लक्खी सोरेन जी | 12. | अपर मंडल रेल प्रबंधक/ओपी./ पूर्व मध्य रेल ,धनबाद |
| 13. | श्री दीपक प्रकाश जी माननीय राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि श्री रणजीत कुमार सिंह जी | 13. | अपर मंडल रेल प्रबंधक/इन्फ्रा./पूर्व मध्य रेल , धनबाद |
| 14. | श्री आदित्य प्रसाद जी माननीय राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि श्री सरोज सिंह जी | 14. | वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक / पूर्व मध्य रेल , धनबाद |
| 15. | डॉ0 सरफराज अहमद जी माननीय राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि श्री सुल्तान अहमद जी | 15. | वरीय मंडल अभियंता /समन्वय / पूर्व मध्य रेल,धनबाद |
| | | 16. | वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक / पूर्व मध्य रेल ,धनबाद |
| | | 17. | उप मुख्य अभियंता / निर्माण/पूर्व मध्य रेल ,धनबाद |
| | | 18. | उप मुख्य अभियंता / निर्माण/हजारीबाग/पूर्व मध्य रेल, धनबाद |
| | | 19. | वरीय मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व मध्य रेल, धनबाद |

वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वारा धनबाद मंडल संसदीय समिति की बैठक में उपस्थित सभी माननीय सांसदों एवं सांसदों के प्रतिनिधिगण, महाप्रबंधक/पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर, मुख्यालय से आये सभी वरीय अधिकारीगण, मंडल रेल प्रबंधक, अपर मंडल रेल प्रबंधक/ इन्फ्रा, अपर मंडल मंडल रेल प्रबन्धक/ओपी एवं धनबाद रेल मंडल के अधिकारीगण का स्वागत करते हुए मंडल रेल प्रबंधक से संबोधन हेतु आग्रह किया गया।

**<u>श्री कमल किशोर सिन्हा, मंडल रेल प्रबंधक/ धनबाद :-</u>**

मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने मंडल संसदीय समिति की आयोजित बैठक के अवसर पर उपस्थित माननीय सांसदों एवं उनके प्रतिनिधिगण,महाप्रबंधक/ पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर एवं मुख्यालय से आये सभी वरीय रेल अधिकारियों का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करते हुए कहा कि धनबाद मंडल का भारतीय रेल में एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं विशिष्ट स्थान है । धनबाद मंडल में यात्री सुख-सुविधाओं पर उचित ध्यान दिया जा रहा है तथा सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं । यद्यपि जन सुविधा से जुड़े विभिन्न विषयों पर समय-समय पर माननीय सांसदों का सुझाव प्राप्त होता है तथापि इस औपचारिक बैठक से जनकल्याण के विभिन्न मुद्दे समग्र रुप से दृष्टिगत होगें । हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि यह बैठक अत्यंत जनोपयोगी एवं लाभप्रद होगी और इससे धनबाद मंडल में किये जा रहे कार्यों में और गतिशीलता आयेगी ।

इसके पश्चात बैठक की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सभी रेल अधिकारियों द्वारा अपना संक्षिप्त परिचय दिया गया । तत्पश्चात महाप्रबंधक/ पूर्व मध्य रेल , हाजीपुर ने सभी माननीय सांसदों एवं सांसदों के प्रतिनिधियों को प्लांटर , शॉल एवं पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

**<u>महाप्रबंधक / पूर्व मध्य रेल / हाजीपुर का संबोधन :-</u>**

सर्वप्रथम उन्होंने बैठक के अध्यक्ष श्री विष्णु दयाल राम जी माननीय सांसद पलामू , श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी जी माननीय सांसद गिरिडीह, श्री कालीचरण सिंह जी माननीय सांसद चतरा , माननीया महिला बाल विकास मंत्री भारत सरकार, श्रीमती अन्नपूर्णा देवी जी के प्रतिनिधि श्री राजकुमार यादव जी, माननीय रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार, श्री संजय सेठ जी के प्रतिनिधि श्री शैलेन्द्र शर्मा जी, माननीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री भारत सरकार, श्री जीतन राम मांझी जी के प्रतिनिधि श्री रोमित कुमार जी, माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री भारत सरकार श्री हरदीप सिंह पुरी जी के प्रतिनिधि श्री श्रीकृष्णा गौतम जी, श्री ढुलू महतो जी माननीय सांसद, धनबाद के प्रतिनिधि श्री नितिन भट्ट जी, श्री मनीष जायसवाल जी माननीय सांसद, हजारीबाग के प्रतिनिधि श्री राजीव जायसवाल जी, डॉ.राजेश मिश्र जी माननीय सांसद सीधी के प्रतिनिधि श्री रामजी गुर्जर जी, डॉ0 प्रदीप कुमार वर्मा जी माननीय राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि श्री संजीव कुमार जी, श्रीमती महुआ माजी जी माननीया राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि श्री लक्खी सोरेन जी, श्री दीपक प्रकाश जी माननीय राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि श्री रणजीत कुमार सिंह जी, श्री आदित्य प्रसाद जी माननीय राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि श्री सरोज सिंह जी, डॉ0 सरफराज अहमद जी माननीय राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि श्री सुल्तान अहमद जी का स्वागत तथा हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि-

माननीय सदस्यों के मार्गदर्शन में यह समिति जनता एवं रेलवे के मध्य एक महत्वपूर्ण सेतु की तरह कार्य कर रही है । इसी संदर्भ में आज धनबाद मंडल में इस बैठक का आयोजन किया जा रहा है । गत वर्ष जनवरी माह में आयोजित बैठक का कार्यवृत टिप्पणी के साथ माननीय सांसदों को प्रेषित कर दिया गया है । धनबाद मंडल भारतीय रेल में माल लदान में महत्वपूर्ण स्थान रखता है एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी धनबाद मंडल द्वारा माल लदान एवं इससे प्राप्त आय में भारतीय रेल के सभी मंडलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल किया है । धनबाद मंडल द्वारा यात्री सुविधा की दिशा में भी कई कार्य पूरे किये गये हैं जैसे - 03 स्टेशनों पर ऊपरगामी पुल (FOB) का निर्माण, 05 स्टेशनों के प्लेटफार्म का विस्तार का कार्य पूरा किया गया है एवं 08 स्टेशनों पर दिव्यांग शौचालय की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है । यात्रियों की सुविधा के लिए धनबाद स्टेशन पर रेल कोच

रेस्टुरेंट खोला गया है । 02 स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (STBA) तथा दैनिक रेल यात्रियों को अनारक्षित टिकट सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 03 स्टेशनों रेणुकूट, चोपन तथा बरकाकाना स्टेशनों पर दो - दो ऑटोमैटिक टिकट वेडिंग मशीन (ATVM) लगाई गई है । मंडल के सभी टिकट चेकिंग स्टाफ को Hand Held Terminals उपलब्ध कराए गये हैं । यात्रियों की सुविधा के लिए धनबाद मंडल के टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड आधारित भुगतान की सुविधा आरम्भ की गई है । यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष साप्ताहिक ट्रेन कोयंबटूर के लिए तथा द्वि-साप्ताहिक ट्रेन जम्मू-तवी एवं नासिक रोड के लिए चलाई गई । न्यू गिरिडीह से राँची के लिए इंटरसिटी का परिचालन प्रारंभ किया गया जिसे अब मार्ग विस्तार कर मधुपुर तक कर दिया गया है । धनबाद - चन्द्रपुरा पैसेंजर ट्रेन एवं बरवाडीह - चुनार पैसेंजर ट्रेन का भी पुनः परिचालन शुरू कर दिया गया है तथा कई ट्रेनों का ठहराव विभिन्न स्टेशनों पर दिया गया है । अमृत काल में यात्री सुविधाओं को नया आयाम देने के लिए धनबाद मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रारंभिक चरण में 15 स्टेशनों का चयन किया गया है, इस योजना के अंतर्गत स्टेशन का दीर्घकालिक दृष्टिकोण से विकास कर कायाकल्प किया जायेगा, जिसका कार्य प्रगति पर है । माननीय प्रधानमंत्री के विजन एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत धनबाद मंडल के 11 प्रमुख स्टेशनों पर स्टॉल लगाये गए हैं तथा मंडल के 15 चयनित स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के तहत ट्रॉली उपलब्ध कराये गए हैं जिससे क्षेत्र के हस्तशिल्पियों एवं लोकल उत्पाद का उत्साहवर्धन तथा उत्पाद को एक बेहतर बाजार मिल रहा है । इस बैठक का मुख्य उद्देश्य रेल की आधारभूत सरंचना एवं यात्री सुविधाओं का विकास आदि पर माननीय सांसदगण का मार्गदर्शन प्राप्त करना है । विश्वास है कि बैठक में जो बहुमूल्य सुझाव प्राप्त होंगे वो हमें और बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित करेंगे ।

बैठक की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक / धनबाद द्वारा संसदीय समिति के माननीय सदस्यों के समक्ष पी.पी.टी के माध्यम से धनबाद मंडल के भौगोलिक विस्तार, प्रमुख स्टेशनों, आय-व्यय, माल लदान, मंडल में किये जा रहे विकासात्मक कार्यों, यात्री सेवा विस्तार, रेलवे की प्रमुख योजनाओं, एक स्टेशन एक उत्पाद, अमृत स्टेशन योजना के संबंध में ब्यौरा प्रस्तुत किया गया ।

इसके पश्चात वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक महोदय द्वारा मंडल संसदीय समिति के अध्यक्ष सह सांसद पलामू श्री विष्णु दयाल राम जी से बैठक की कार्यवाही को आगे बढ़ाने का आग्रह किया गया ।

मंडल संसदीय समिति के अध्यक्ष सह सांसद पलामू श्री विष्णु दयाल राम जी ने सर्वप्रथम महाप्रबंधक / पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर, सभी विभागाध्यक्षों, मंडल रेल प्रबंधक / पूर्व मध्य रेल, धनबाद एवं उनकी पूरी टीम को मंडल में किये जा रहे विकासात्मक कार्यों एवं यात्री सेवा विस्तार हेतु बधाई देते हुए बैठक में उपस्थित सभी सांसदों एवं माननीय सांसदों के प्रतिनिधियों से क्रमवार अपने सुझावों एवं मांगों को समिति के समक्ष रखने का आग्रह किया ।

**माननीय सांसदों एवं माननीय सांसदों के प्रतिनिधियों द्वारा मंडल 'संसदीय समिति के बैठक' में दिए गए सुझाव :**

**1. माननीय सांसद / पलामू सह अध्यक्ष ' मंडल संसदीय समिति ' धनबाद मंडल श्री विष्णु दयाल राम जी**

माननीय सांसद महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी माननीय सांसदों, सांसद प्रतिनिधियों, पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक हाजीपुर, मंडल रेल प्रबंधक/ धनबाद एवं समस्त रेल अधिकारियों का स्वागत करते हुए निम्न सुझावों को प्रस्तुत किया :-

| क्र. संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 1 | बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर तक रेल लाइन निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ? |
| 2 | गया शेरघाटी इमामगंज डाल्टनगंज रेलवे लाइन के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ? |
| 3 | गाड़ी संख्या 12453 / 12454 राँची – नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर ) स्टेशन पर ठहराव दिया जाय। |
| 4 | नई दिल्ली - राँची राजधानी एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन ट्रेन संख्या 12454 ( शनिवार )एवं ट्रेन संख्या 20408 ( बुधवार ) को नई दिल्ली से ( प्रस्थान समय 16:10 बजे ) राँची ( आगमन 09:45 बजे ) वाया गढ़वा रोड एवं डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन ( पलामू संसदीय क्षेत्र ) होकर जाती है। उक्त ट्रेन को सप्ताह में बुधवार की जगह शुक्रवार को चलाने से यात्रियों को आवागमन करने में सुविधा होगी। विदित है कि नई दिल्ली में कार्य दिवस शुक्रवार को कार्य करने के बाद आसानी से शाम 16:10 बजे उक्त ट्रेन को पकड़ कर अपने गंतव्य की और जा सकेगें। इससे ज्यादा से ज्यादा लोग यात्रा कर सकेगें। उक्त दिन को परिवर्तित करने में रेलवे को कोई कठिनाई हो तो राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन को सप्ताह में दो दिन के बदले तीन दिन चलाई जाय। |
| 5 | वन्दे भारत ट्रेन को राँची से लोहरदग्गा , डाल्टनगंज , गढ़वा रोड एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलायी जाय। |
| 6 | राँची से वाया डाल्टनगंज , गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन होते हुए अयोध्या तक नई ट्रेन का परिचालन करने संबंधी प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाय। |
| 7 | त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस को पुनः प्रारंभ किया जाय अथवा उसके स्थान पर एक ऐसी ट्रेन चलायी जाय जो लखनऊ तक जाय। |
| 8 | गाड़ी संख्या 13347/13348 पलामू एक्सप्रेस को रजहरा स्टेशन पर ठहराव दिया जाय। |
| 9 | गाड़ी संख्या 12877/12878 गरीब रथ का मोहम्मदगंज पर ठहराव दिया जाय। |
| 10 | गाड़ी संख्या 12453 /12454 एवं गाड़ी संख्या 20407 / 20408 राँची - नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस वाया डाल्टनगंज होकर सप्ताह में 02 दिन चलती है उसे चार दिन किया जाय। |
| 11 | राँची - नई दिल्ली राजधानी गरीब रथ ट्रेन सं 12877 / 12878 को सप्ताह में तीन दिन चलती है उसे 06 दिन किया जाय। |
| 12 | राँची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18311 /18312 राँची से वाराणसी तक चलती है , उसे गोरखपुर तक विस्तार किया जाय। |
| 13 | राँची से वाया डाल्टनगंज होकर गोरखपुर तक एक नई ट्रेन चलायी जाय , जो कोरोना काल में चली थी। उसे बंद कर दिया गया है पुनः चालू किया जाय। डाल्टनगंज से गोरखपुर जाने वाले यात्रियों की संख्या अत्यधिक है। उक्त संबंध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया है , उसकी अद्यतन स्थिति क्या है ? |
| 14 | गाड़ी संख्या 12877 /12878 गरीब रथ का अलीगढ़ जंक्शन पर दो मिनट का ठहराव दिया जाय। ज्ञातव्य हो कि मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के सौ से अधिक संख्या में छात्र /छात्राएँ अलीगढ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत है। यदि गरीब रथ का दो मिनट का ठहराव अलीगढ़ जंक्शन पर दे दिया जाता है तो उन्हें बहुत सुविधा होगी। |
| 15 | गाड़ी संख्या 11447 /11448 हावड़ा - जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस का विस्तार मुंबई तक किया जाय। |
| 16 | गाड़ी संख्या 18635 /18636 राँची - सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में यात्रियों की संख्या अत्यधिक होने के कारण लोगों को यात्रा करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों की संख्या को देखते हुए 1 AC , Chair Car एवं 3 G.S कोच की संख्या में बढ़ोतरी की जाय। |
| 17 | गढ़वा स्टेशन से गढ़वा रोड वाया डाल्टनगंज होते हुए राँची तक प्रतिदिन शाम – सुबह नई मेमू ट्रेन का परिचालन कराने संबंधी प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाय। |

| | |
|---|---|
| 18 | गाड़ी संख्या 12453 /12454 एवं 20407/20408 राँची - नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में डाल्टनगंज पर प्रथम श्रेणी का कोटा दिया जाय। |
| 19 | गाड़ी संख्या 12877 /12878 राँची – नई दिल्ली गरीब रथ को जो सप्ताह में तीन दिन चलती है। उक्त ट्रेन का आरक्षण कोटा डाल्टनगंज स्टेशन पर दिया जाय। |
| 20 | नगर उंटारी से भवनाथपुर रोड में नगर उंटारी रेलवे क्रासिंग पर नवनिर्मित RUB में अभी वर्तमान में एक फीट पानी जामा हुआ है। उक्त RUB का कार्य कब तक पूर्ण होना संभावित है ? |
| 21 | लालगढ़ एवं पंजरी कला RUB का निर्माण कार्य कब प्रारंभ होगा एवं कब तक पूर्ण होगा ? |
| 22 | पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अमृत भारत योजना के तहत चयनित रेलवे स्टेशनों पर होने वाले कार्यों की अद्ययतन स्थिति क्या है ? |
| 23 | पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर Unmanned Railway Crossing को बंद कर दिए जाने से एक ही गाँव दो भागों में विभक्त हो गया है। वहाँ के निवासियों को आवागमन में अनेकों प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त स्थानों पर RUB /LHS बनाने से जनता को कठिनाई से निजात मिल सकेगी। वैसे स्थान निम्नलिखित है :- |
| (i) | डाली - हैदरनगर प्रखंड . पलामू जिला। |
| (ii) | सोनपुरवा - गढ़वा जिला। |
| (iii) | अहिरपुरवा - नगर उंटारी , गढ़वा जिला। |
| (iv) | कजरात नावाडीह - हुसैनाबाद प्रखंड . पलामू जिला। |
| (v) | बुढ़वापीपर - डाल्टनगंज सदर , पलामू जिला। |
| (vi) | बखारी - डाल्टनगंज सदर , पलामू जिला। |
| (vii) | कुम्भी - मेराल ब्लॉक , गढ़वा जिला। |
| (viii) | लहरबंजारी - उंटारी रोड प्रखंड पलामू जिला। |
| (ix) | बेगमपुरा - मोहम्मदगंज प्रखंड , पलामू जिला। |
| (x) | सतबहिनी रेलवे स्टेशन एवं मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन के बीच में खंभा संख्या 340/33 के समीप और गेट नंबर 58 के पास , उंटारी रोड प्रखंड , पलामू जिला। |
| 24 | धनबाद मंडल द्वारा भारतीय रेल में माल लदान तथा राजस्व अर्जित करने के मामले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर पूर्व मध्य रेल की पूरी टीम को बधाई दी। |
| 25 | उन्होंने गाड़ियों के समयबद्धता में और सुधार करने की बात कही। |
| 26 | उन्होंने बैठक में धनबाद मंडल की आय, स्टेशनों, मंडल की भौगोलिक स्थिति, पर्यटन स्थल से संबंधित प्रस्तुत किये गए PPT की हार्ड कॉपी उपलब्ध कराने की मांग की। |
| 27 | उन्होंने वर्ष 2024 -25 में धनबाद मंडल को अन्य मंडलों के सापेक्ष में प्राप्त होने वाली बजट की जानकारी प्राप्त की। |
| 28 | उन्होंने LHS के कंस्ट्रक्शन तथा उनके डिजाईन को बेहतर बनाने मांग की। |
| 29 | उन्होंने महाप्रबंधक या मंडल रेल प्रबंधक के इंस्पेक्शन की जानकारी पूर्व में ही जन प्रतिनिधियों को देने की मांग की जिससे क्षेत्र में रेल से संबंधित समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया जा सके। |
| 30 | उन्होंने बैठक में मुख्यालय स्तर पर उठाये मुद्दों के शीघ्र कार्यान्वियन कराने तथा रेलवे बोर्ड से सम्बंधित मद को बोर्ड में अग्रसारित कर उसकी अधतन जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की। |
| 31 | उन्होंने बरवाडीह में वाशिंग पिट बनाने की मांग की। |
| 32 | उन्होंने डाल्टनगंज स्टेशन में बन रहे FOB का निकास रेड़मा क्षेत्र के तरफ से निकालने की मांग की जिससे क्षेत्र की बड़ी आबादी को स्टेशन आने सहूलियत हो सके। |
| 33 | उन्होंने डाल्टनगंज स्टेशन के रिज़र्व लाउन्ज को पुनर्विकसित करने की मांग की। |
| 34 | डाल्टनगंज से मुंबई के लिए सीधी गाड़ी नहीं होने कारण क्षेत्र के निवासियों को हो रही परेशानी को देखते हुए उन्होंने 11447/48 शक्तिपुंज एक्सप्रेस का विस्तार मुंबई तक करने की मांग की। इस सम्बन्ध में महाप्रबंधक महोदय द्वारा जानकारी दी गई की कि डाल्टनगंज मार्ग से धनबाद से नासिक तक स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। |
| 35 | उन्होंने गाड़ी संख्या 13347/48 पलामू एक्सप्रेस के देर रात डाल्टनगंज स्टेशन आगमन को देखते हुए इसकी समय सारणी में बदलाव करने की मांग की। |
| 36 | तोलरा स्टेशन के समीप बने LHS के डिजाईन में सुधार की मांग की जिससे की रेलवे लाइन के दोनों ओर के निवासियों लाभान्वित हो सके। |

| | |
|---|---|
| 37 | उन्होंने गढ़वा पतरातू 3rd लाइन के निर्माण से उत्पन्न हो रही समस्याओं की जानकारी देते हुए कहा कि इससे कई गाँव दो भागों में विभक्त हो गए है। अतः इसके समाधान हेतु ROB LHS बनाने की मांग की। |
| 38 | उन्होंने चियांकी, कजरी, रजहरा, तोलरा स्टेशनों में FOB बनाने की मांग की। |
| 39 | उन्होंने गाडी संख्या 68027/28 रांची टोरी मेमू का विस्तार जपला स्टेशन तक करने की मांग की। |
| 40 | ट्रेन संख्या 12454 नई दिल्ली - राँची राजधानी एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन ( शनिवार ) एवं ट्रेन संख्या 20408 ( बुधवार ) को नई दिल्ली से ( प्रस्थान समय 16:10 बजे ) राँची ( आगमन 09:45 बजे ) वाया गढ़वा रोड एवं डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन ( पलामू संसदीय क्षेत्र ) होकर जाती है। उन्होंने यात्रियों के आवागमन की सुविधा के लिए उक्त ट्रेन को सप्ताह में बुधवार की जगह शुक्रवार को चलाने की मांग की। |
| 41 | त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस को पुनः प्रारंभ करने अथवा उसके स्थान पर लखनऊ के लिए नई ट्रेन चलाने की मांग की। |
| 42 | उन्होंने गाड़ी संख्या 12877 /12878 गरीब रथ का ठहराव अलीगढ़ जंक्शन पर देने की मांग की। |

**2. श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी जी, माननीय सांसद, गिरिडीह लोकसभा**

माननीय सांसद महोदय ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे माननीय सांसद पलामू लोकसभा श्री विष्णु दयाल राम जी, माननीय सांसद चतरा लोकसभा श्री कालीचरण सिंह जी, उपस्थित सांसद प्रतिनिधियों एवं महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल की पूरी टीम का स्वागत करते हुए निम्नलिखित मुद्दों / सुझावों को मंडल संसदीय समिति के समक्ष रखाः-

| **क्र. संख्या** | **सुझाव** |
|---|---|
| 1 | डी सी पैसेंजर का परिचालन पूर्व की भाँति हटिया तक कराया जाए और पूर्व की भाँति इसे धनबाद बोकारो के बीच 11 बजे वाला फेरा चालू कराया जाए। इससे छात्रों, दिहाड़ी मजदूर, ग्रामीण आबादी लाभान्वित होगी। |
| 2 | मतारी स्टेशन के प्लेटफार्म जो स्टेशन मास्टर के रूम के दोनों तरफ है प्लेटफार्म की ऊँचाई बढ़ाई जाय। सभी प्लेटफार्म पर यात्री शेड का निर्माण प्लेटफार्म के दोनों छोरों के मध्य में कराया जाय। उत्तरी छोर की स्टेशन रोड का निर्माण कराया जाए। दक्षिण छोर पाकेरबेड़ा गांव के तरफ 100 मीटर का PCC का पथ बनाया जाए जो FOB को Connect करे। पर्याप्त Lighting की व्यवस्था की जाए। |
| 3 | मतारी स्टेशन में इंटरसिटी 13305, 13306 और गंगा दामोदर 13329 और 13330 का ठहराव दिया जाय। |
| 4 | तेलो स्टेशन के Circulating Area को विकसित किया जाए, इसका सौंदर्यकरण किया जाय, तेलो ग्रामीण क्षेत्र का बड़ा व्यवसाय केन्द्र है। |
| 5 | निचितपुर-कतरास link के गेट नंबर 3SPL/3T जो फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है के रेल गेट की चौड़ाई बढ़ाई जाए, गेट के पुराने स्वरूप में रहने से, गेट संकरा है और अक्सर यहाँ दुर्घटना होते रहती है, और घंटों जाम लग जाता है यह पुरानी माँग है इसका अभिलम्ब कार्रवाई की जाए। |
| 6 | धनबाद-चन्द्रपुरा रेल मार्ग के सुनारडीह स्थित रेल गेट नंबर No 7Spl/3T में भी अक्सर जाम लग जाता है इस गेट की चौडाई बढ़ाई जाए। |
| 7 | फुसरो स्टेशन में एक और प्लेटफार्म का निर्माण कराया जाए और साथ ही यात्री शेड का निर्माण कराया जाय, पर्याप्त Lighting Arrangement प्लेटफार्म पर की जाय। |
| 8 | बेरमो स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म LOW Level के है जो यात्रीयों को चढ़ने-उतरने में काफी असुविधा होती है इनकी ऊँचाई बढ़ाई जाय। |
| 9 | धनबाद-राँची इंटरसिटी व वनांचल एक्सप्रेस का स्टॉपेज फुलारीटाँड़ में पूर्ववत जो था उसे बहाल किया जाए। |
| 10 | धनबाद, गोमोह, खानूडीह, महुदा, भागा, भोजुडीह होते हुए एक सर्कुलर ट्रेन चलाई जाए, आवागमन से उपेक्षित इस क्षेत्र को यातायात की बेहतर सुविधा मिल जाएगी। |

| | |
|---|---|
| 11 | गोमो स्टेशन में पूर्वा एक्सप्रेस 12381-12382, जोधपुर एक्सप्रेस 12307-12308, लालकुआं एक्सप्रेस 12353-12354, और सियालदह अजमेर एक्सप्रेस 12987-12988 का ठहराव गोमो स्टेशन पर दिया जाए, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नामकरण के इस स्टेशन पर क्षेत्र के लोगों को यह सुविधा निश्चित रूप से मिलनी चाहिए, यह माँग भी बहुत पुरानी है। |
| 12 | धनबाद से नई दिल्ली, धनबाद से बेंगलुरु एवं धनबाद से मुंबई के लिए नई ट्रेन की माँग काफी पुरानी है, इस रेल रूट पर ट्रेन चलाई जाए। |
| 13 | भोलीडीह एवं निश्चितपुर में प्लेटफार्म का ऊँचाई बढ़ाई जाए और FOB, यात्री शेड का निर्माण कराया जाए। |
| 14 | कतरास खरखरी लिंक (KKC LINK) को चिन्हित कर दक्षिण पूर्व रेल से कनेक्टिविटी शुरू की जाए। |
| 15 | ट्रेन न.13319 एवं 13320 राँची इंटरसिटी एक्सप्रेस ( राँची से दुमका ) का तेतुलमारी स्टेशन में ठहराव। |
| 16 | तेतुलमारी स्टेशन में ट्रेन की लंबाई की अनुपात में प्लेटफार्म का लम्बाई बढ़ाया जाए। |
| 17 | तेतुलमारी स्टेशन से सुभाष चौक तेतुलमारी व नगरीकला तक स्ट्रीट लाइट लगाया जाए। |
| 18 | ग्राम-करमाटूंगरी रेलवे गेट 12/सी. का अंडर ग्राउंड पुलिया निर्माण में ग्रामीण रोड को जोड़ा जाए एवं गेट के सामने दीवार के बगल से पश्चिम की ओर जाने का रास्ता छोड़ने के संबंध में। |
| 19 | Land acquisition plan of ROR at Patratu under Dy. CE/CON/Barkakana in Dhanbad division of eastern central railway परियोजना हेतु ग्राम-किरीगढ़ा, टोकीसूद, टेरपा, एवं सांकुल के ज़मीन को सरकार द्वारा अधिग्रहण की जाने वाली भूमि का प्लानिंग नक़्शा के अनुसार एक गाँव से दूसरे गाँव में आवागमन बाधित हो जाएगा वहाँ के रैयत भूमिहीन हो जाएँगे जिन्होंने पहले से ही काफ़ी ज़मीन अधिग्रहण के लिए दिया है साथ ही कई देव स्थल, सरना स्थल, मंदिर का टूटना उजड़ना निश्चित है। अतएव पूर्व में बनायी गई रेलवे लाइन के बगल बगल में रेल लाइन का विस्तार किया जाने की आवश्यकता है। इसे लेकर फिर से सर्वे किया जाए जिससे ग्रामीणों को नुक़सान ना हो। |
| 20 | निमियाघाट रेलवे स्टेशन में रेलवे क्रासिंग में अंडरपास की आवश्यकता है। |
| 21 | माननीय सांसदों द्वारा बैठक में जो मुद्दे / सुझाव / मांगे रखी जाती हैं उनका स्पष्ट जवाब रेल प्रशासन द्वारा दिए जाने की बात कही। |
| 22 | रेलवे द्वारा धनबाद मंडल के सभी छोटे – बड़े स्टेशनों पर यात्री सेवा के विस्तारीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए । |
| 23 | चन्द्रपुरा-फुसरो रेल खंड के पोल संख्या 36/7 से 36/13 अमलो हॉल्ट एवं बेरमो स्टेशन के मध्य में रेलवे ट्रैक के पास भूमिगत आग होने कि जानकारी देते हुए रेलवे द्वारा इसकी जाँच करने तथा सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की मांग की । |
| 24 | उन्होंने भुरकुंडा तथा पतरातू साइडिंग का उदहारण देते हुए कहा कि रेलवे साइडिंग में क्षमता से अधिक कोयला स्टोर नहीं रखा जाना चाहिए इससे आग लगने की संभावना बनी रहती है तथा प्रदूषण के कारण आम जनता भी प्रभावित होती है । |
| 25 | उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि रांगामाटी पोल सं. 36/34 में FOB बनाया गया था जिसे हटा दिया गया है। इसका पुर्ननिर्माण किया जाना चाहिए । |
| 26 | भुरकुंडा स्टेशन के समीप पोल सं. 313/10 में अंडरपास को बंद किया जा रहा है । यहाँ Over Bridge बनाये जाने की आवश्यकता है । |
| 27 | बलिया – बाराडीह जाने वाले मुख्य पथ को रेलवे द्वारा बंद कर दिया गया है । उन्होंने यहाँ Over Bridge बनाये जाने की आवश्यकता की बात कही । |
| 28 | जामताड़ा – पिपराडिह शमशान घाट जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया है इस पर रेलवे को ध्यान देना चाहिए । |
| 29 | रेलवे द्वारा लाइन के दोनों ओर बाउंड्रीवाल करने के कारण कई गाँव के संपर्क सड़क को बंद कर दिया गया है इससे ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । जनता की सुविधा का ख्याल रखते हुए रेलवे द्वारा जहाँ भी बाउंड्रीवाल का कार्य प्रगति पर हो वहाँ विकल्प के तौर पर 10 फीट सड़क हेतु मार्ग छोड़ा जाना चाहिए । |
| 30 | रेलवे को जनसुविधाओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए । |

**3. श्री काली चरण सिंह जी, माननीय सांसद, चतरा लोकसभा**

माननीय सांसद महोदय ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे माननीय सांसद श्री विष्णु दयाल राम जी, माननीय सांसद श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी जी एवं उपस्थित सांसद प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए निम्नलिखित मुद्दों / सुझावों को मंडल संसदीय समिति के समक्ष रखा :-

| क्र. संख्या | सुझाव |
|---|---|
| | **अंडर ग्राउंड रेलवे क्रासिंग का निर्माण :** |
| 1 | छिपादोहर एवं बरवाडीह रेलवे स्टेशन के बीच ग्राम कुचिला के नटवाबर टोला के पास अप - डाउन रेलवे पोल संख्या 251 /26-27 के बीच अंडर ग्राउंड रेलवे क्रासिंग का निर्माण किया जाय। |
| 2 | हेहेगाडा एवं कुमनडीह रेलवे स्टेशन के बीच ग्राम गुआ के पास अप - डाउन रेलवे पोल संख्या 236 /16-17 के बीच अंडर ग्राउंड रेलवे क्रासिंग का निर्माण किया जाय। |
| 3 | बरवाडीह एवं मंगरा रेलवे स्टेशन के बीच ग्राम मंगरा के पास अप - डाउन रेलवे पोल संख्या 262 /33 - 34 के बीच अंडर ग्राउंड रेलवे क्रासिंग का निर्माण किया जाय। |
| 4 | केचकी एवं मंगरा रेलवे स्टेशन के बीच ग्राम कंचनपुर के पास अप डाउन रेलवे पोल संख्या 269 /17-18 के बीच अंडर ग्राउंड रेलवे क्रासिंग का निर्माण किया जाय। |
| 5 | महुआमिलन स्टेशन से 02 कि0 मी0 पश्चिम की ओर धरमोती नदी के पास अंडर ग्राउंड रेलवे क्रासिंग का निर्माण किया जाय। |
| | **रेल परिचालन का विस्तार एवं ठहराव :** |
| 6 | ट्रेन संख्या 08689 राँची - टोरी मेमू का विस्तार शिवपुर तक किया जाय ताकि बालूमाथ व शिवपुर से राजधानी राँची के लिए सीधी रेल सेवा उपलब्ध हो सके। |
| 7 | ट्रेन संख्या 13347 /13348 बरकाकाना - पटना - बरकाकाना - पलामू एक्सप्रेस का ठहराव केचकी स्टेशन में दिया जाय। |
| 8 | ट्रेन संख्या 12873 /12874 आनंद विहार - राँची आनंद विहार स्वर्णजयंती झारखण्ड एक्सप्रेस का ठहराव बरवाडीह स्टेशन में दिया जाय । |
| 9 | ट्रेन संख्या 18009 /18010 संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस संतरागाछी एक्सप्रेस का ठहराव बरवाडीह स्टेशन में दिया जाय । |
| 10 | ट्रेन संख्या 13025/13026 हावड़ा - भोपाल- हावड़ा एक्सप्रेस का ठहराव बरवाडीह स्टेशन में दिया जाय। |
| 11 | ट्रेन संख्या 14369 / 14370 त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस , बरवाडीह से बरेली, बरेली से बरवाडीह ( वर्तमान में यह ट्रेन शक्तिनगर से बरेली चलती है और बरवाडीह से जो चलती थी उसे इसी ट्रेन में चोपन में जोड़ दिया जाता था। ) का ठहराव बरवाडीह स्टेशन में दिया जाय । |
| 12 | निम्न ट्रेनों का ठहराव छिपादोहर रेलवे स्टेशन में कोरोना महामारी के पूर्व होती थी परन्तु कोरोना काल के पश्चात परिचालन को बंद कर दिया गया है। |
| (i) | ट्रेन संख्या 13347/13348 , बरकाकाना - पटना - बरकाकाना - पलामू एक्सप्रेस का ठहराव छिपादोहर स्टेशन में दिया जाय । |
| (ii) | ट्रेन संख्या 11447/11448 , हावड़ा- जबलपुर- हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस का ठहराव छिपादोहर स्टेशन में दिया जाय । |
| 13 | टोरी स्टेशन पर टाटा से पटना वन्दे भारत ट्रेन का ठहराव दिया जाय। |
| 14 | महुआमिलन स्टेशन पर शक्तिपुंज एक्सप्रेस एवं पलामू एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाय। |
| | **टोरी जंक्शन पर सुविधा मुहैया कराया जाना :** |
| 15 | चंदवा टोरी फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य। |
| 16 | टोरी जंक्शन प्लेटफार्म संख्या 04 एवं 05 पर प्लेटफार्म का निर्माण तथा प्रर्याप्त मात्र में लाइट की सुविधा। |
| 17 | टोरी जंक्शन पर सुरक्षा की दृष्टीकोण से स्टेशन के परिसर एवं प्लेटफार्म पर CCTV का अधिष्ठापन। |
| 18 | कोरोना काल के बाद कई महत्वपूर्ण स्टेशनों से यात्री गाड़ियों का ठहराव हटा लिया गया है इसे पुनः बहाल करने की मांग की। |
| 19 | उन्होंने राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव लातेहार स्टेशन में करने की मांग की । |
| 20 | बरवाडीह में वाशिंग पिट के निर्माण करने की मांग की। |
| 21 | गोमो स्टेशन का नाम नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी के नाम पर है अतः उन्होंने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की प्रतिमा स्टेशन परिसर में लगाए जाने की मांग की । |

**4. माननीया महिला बाल विकास मंत्री भारत सरकार, श्रीमती अन्नपूर्णा देवी जी के प्रतिनिधि श्री राजकुमार यादव जी**

माननीया सांसद महोदया के प्रतिनिधि श्री राजकुमार यादव जी ने ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे सासंद श्री विष्णु दयाल राम जी, सांसद श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी जी, सासंद कालीचरण सिंह जी, उपस्थित सांसद प्रतिनिधियों एवं महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल, मंडल रेल प्रबंधक धनबाद एवं बैठक में उपस्थित सभी रेल अधिकारियों का स्वागत करते हुए निम्नलिखित मुद्दों / सुझावों को मंडल संसदीय समिति के समक्ष रखा :-

| क्र. संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 1 | हजारीबाग रोड, हीरोडीह, मोरियावां आदि स्थानों पर रेलवे ट्रैक के घेराबंदी के फलस्वरूप स्थानीय लोगों के आवागमन में हो रही परेशानी को दूर करने हेतु वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था की जाय। |
| 2 | हजारीबाग रोड स्टेशन में ROB निर्माण की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाय। |
| 3 | चौधरी बाँध रेलवे स्टेशन पर धनबाद गया इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव एवं चिचाकी रेलवे स्टेशन पर राँची जाने वाली ट्रेनों का ठहराव दिया जाय। |
| 4 | हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन और हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन में समानता के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हो जाती है। इस स्थिति में हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर सरिया रेलवे स्टेशन किया जाय। |
| 5 | महेशपुर हाल्ट में लाइट, पेयजल व सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जाय। |
| 6 | कोडरमा-नई गिरिडीह लाइन पर स्थित नावाडीह रेलवे स्टेशन पर गोड्डा - दिल्ली एक्सप्रेस का ठहराव एवं इस स्टेशन पर दोनों ओर प्लेटफार्म का निर्माण कराया जाय। |
| 7 | हीरोडीह स्टेशन के समीप रेभनाडीह केबिन के निकट समपार फाटक सं०-32/C/E स्थित है, जिस पर रोड ओवर ब्रिज का कार्य स्वीकृत है। इसकी अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाय तथा LRB-KQR के बीच कि.मी. 390/23-25 पर LHS निर्माण की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाय। |
| 8 | कोडरमा जक्शन में निर्माणाधीन भवन की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाय। |
| 9 | कोडरमा - बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन का परिचालन राँची तक किया जाय। |
| 10 | धनबाद से वाया - कोडरमा गया जंक्शन तक नई सवारी गाड़ी का संचालन किया जाय। |
| 11 | कोडरमा रेलवे स्टेशन परिसर एवं आस-पास साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाय। |

**5. माननीय रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार, श्री संजय सेठ जी के प्रतिनिधि श्री शैलेन्द्र शर्मा जी**

उन्होंने पलामू सांसद माननीय श्री विष्णु दयाल राम जी, चतरा सांसद माननीय श्री कालीचरण सिंह जी, गिरिडीह सांसद श्री चंद्र प्रकाश चौधरी जी, उपस्थित सांसद प्रतिनिधियों, महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल, उपस्थित रेल अधिकारीगण का स्वागत करते हुए धनबाद रेल मंडल के अधिकारियों को भारतीय रेल में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि : –

| क्र. संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 1 | खलारी स्टेशन को अमृत भारत योजना के अंतर्गत विकसित किया जाए । |
| 2 | खलारी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 01 और 02 की लम्बाई का विस्तारीकरण एवं इसकी ऊँचाई में वृद्धि की जाए। |
| 3 | खलारी स्टेशन पर नया फूट ओवर ब्रिज रैंप के साथ बनाया जाए एवं विकलांगो और बुजुर्गों तथा महिलाओं के लिए लिफ्ट की व्यवस्था किया जाए। |
| 4 | राय स्टेशन पर नया फुट ओवर ब्रिज का निर्माण रैंप सहित कराई जाए जिसका विस्तार राय साइडिंग पार राय शहर तक हो । |
| 5 | खलारी और राय स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्री शेड की संख्या बढ़ाई जाए। |
| 6 | खलारी स्टेशन में वेटिंग हॉल की व्यवस्था की जाए। |
| 7 | खलारी स्टेशन पर राँची - नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस 12877/12878 का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। |

| | |
|---|---|
| 8 | खलारी स्टेशन पर हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन 13025/13026 का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। |
| 9 | खलारी स्टेशन पर संतरागाछी एक्सप्रेस ट्रेन 18009/18010 का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। |
| 10 | पलामू एक्सप्रेस ट्रेन (13347) डाउन की समय सारिणी में परिवर्तन किया जाए। पूर्व में इस ट्रेन का समय राय खलारी में 07:00 pm में होती थी। जो ज्यादा बेहतर होगा। अभी आधे-आधे घण्टे के अंतराल पर तीन एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन होता है। यदि पलामू एक्सप्रेस को पुराने समय सारिणी से परिचालित की जाए तो यात्रियों को ज्यादा विकल्प और समय की बचत होगी। |
| 11 | खलारी स्टेशन और राय स्टेशन के मध्य डकरा साइडिंग के पास पोल संख्या 154/26 और 154/27 या 154/28 और 154/29 के मध्य (RUB) अंडर पास बनाया जाए। RUB के बनने से स्टेट हाईवे और दो पंचायत का सीधा जुड़ाव होगा । |
| 12 | राय स्टेशन पर संबलपुर, टाटा, जम्मूतवी  एक्सप्रेस 18309/18310 और 18311/18312 का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। |
| 13 | राँची से टोरी वाया मेसरा, बरकाकाना नई मेमू ट्रेन का परिचालन किया जाए । |
| 14 | गोमोह - बरवाडीह पैसेंजर ट्रेन संख्या 03361 अप पैसेंजर का समय पूर्वतः किया जाए। |
| 15 | कोरोना काल के समक्ष से बंद 18311/12, 18101/2 टाटानगर-संबलपुर-जम्मूतवी का दुबारा ठहराव सुनिश्चित किया जाए। |
| 16 | राय रेलवे स्टेशन पर 18311/12 विशाखापत्तनम वाराणसी इन्टरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। |
| 17 | 1मैक्लुस्कीगंज स्टेशन के निकट रेलवे फाटक संख्या 8AE के स्थान पर आपने ROB बनाने के लिए चुनाव से दो महीने पूर्व शिलान्यास किया गया था। जिसपर अबतक कोई आधारभूत संरचना विकसित नहीं की गई है। इसे अविलंब शुरू कराया जाए। |
| 18 | मैक्लुस्कीगंज स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 01 की लंबाई और ऊँचाई बढ़ाई जाए और प्लेटफार्म पर पेयजल और शौचालय की व्यवस्था किया जाए। |
| 19 | खलारी स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्री शेड और पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। |
| 20 | सुबह में बरकाकाना गढ़वा रोड होते डेहरी-ऑन-सोन तक अनारक्षित एक्सप्रेस का परिचालन किया जाए। |
| 21 | राँची वाया मेसरा, बरकाकाना, टोरी वाया लोहरदगा  होते राँची के लिए मेमू ट्रेन का परिचालन किया जाए। |
| 22 | खलारी स्टेशन को एनएसजी 5 से अपग्रेड किया जाए और नागरिक सुविधा उपलब्ध कराई जाए। |
| 23 | कोलकाता मंदार एक्सप्रेस ट्रेन (संख्या 19607/19608) का ठहराव खलारी स्टेशन पर सुनिश्चित कराई जाए। |
| 24 | राय स्टेशन पर एक छोर से दूसरे छोर तक FOB बनाने की मांग की। |
| 25 | उन्होंने मैकलुस्कीगंज में एंग्लो इंडियन लोगों की आबादी तथा महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्र को देखते हुए प्रमुख गाड़ियों के ठहराव की मांग की। |
| 26 | राय स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म संख्या 1 की ऊँचाई  तथा लम्बाई एवं खलारी स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म संख्या 1 एवं 2 की लम्बाई काफी कम है जिसके कारण गाड़ियों के कोच प्लेटफ़ॉर्म से बाहर रहने के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्लेटफ़ॉर्म के विस्तार करने की आवश्यकता है। |
| 27 | खलारी स्टेशन पर साफ़-सफाई के ख़राब स्थिति की जानकारी देते हुए इस पर रेलवे को विशेष ध्यान देने की मांग की। |

**6. माननीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री भारत सरकार, श्री जीतन राम मांझी जी के प्रतिनिधि श्री रोमित कुमार जी**

उन्होंने सभा के अध्यक्ष माननीय सांसद श्री विष्णु दयाल राम जी, माननीय सांसद श्री कालीचरण सिंह जी, माननीय सांसद श्री चंद्र प्रकाश चौधरी जी, सभी सांसद प्रतिनिधियों, महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल , मंडल रेल प्रबंधक एवं सभी रेल अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि :-

| क्र. संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 1 | गया जंक्शन से डाल्टेनगंज ( झारखण्ड ) तक नई रेलवे लाइन परियोजना ( वाया- शेरघाटी, इमामगंज, बांकेबाजार, डुमरिया ) पर विचार किया जाय। |
| 2 | इस्लामपुर ( नालंदा ) से मानपुर ( गया ) तक नई रेलवे लाइन परियोजना ( वाया- केऊर, महकार, टेऊसा ) पर विचार किया जाय। |
| 3 | गया रेलवे स्टेशन पर डेलहा गुमटी नंबर-1 के पास फुट ओवरब्रिज/मोटर साइकिल ब्रिज का निर्माण किया जाय। |
| 4 | मानपुर-बंधुआ रेलवे स्टेशन के बीच ग्राम रसलपुर में समपार फाटक/ओवरब्रिज / अंडरपास " का निर्माण का निर्माण किया जाय। |
| 5 | गया-नवादा रेलखण्ड के वजीरगंज प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम मनैनी के पास रेलवे फाटक का निर्माण का निर्माण किया। |
| 6 | टनकुप्पा स्टेशन के पूर्वी गेट के पास रेलवे अंडरपास का निर्माण किया जाय। |
| 7 | हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस (अप डाउन 13009- 13010) का टनकुप्पा स्टेशन पर पुनः ठहराव दिया जाय। |
| 8 | जम्मू-तवी सियालदाह एक्सप्रेस (13151/13152) का पर्यटक स्थल गुरपा स्टेशन पर ठहराव दिया जाय । |
| 9 | टनकुप्पा स्टेशन पर आरक्षित टिकट प्रणाली की सुविधा उपलब्ध कराया जाय। |
| 10 | हटिया-पूर्णिया-कोसी एक्सप्रेस (18626/18625) का गुरपा स्टेशन पर ठहराव दिया जाय। |
| 11 | पहाड़पुर स्टेशन पर हावड़ा मुम्बई मेल (02321/02322) तथा धनबाद फिरोजपुर एक्सप्रेस (13307/13308) का ठहराव दिया जाय। |
| 12 | गया पहाड़पुर कोडरमा के रास्ते गिरिडीह तक ट्रेन की सुविधा उपलब्ध कराना कराया जाय। |
| 13 | पहाड़पुर, गुरपा और टनकुप्पा बंधुआ में कराए जा रहे विकास कार्य की गुणवत्ता की जांच कराया जाय। |
| 14 | राजगीर कोडरमा स्पेशल एक्सप्रेस (03321/03322) बंधुआ और टनकुप्पा में ठहराव दिया जाय। |
| 15 | धनबाद सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस (13306/13305) का बंधुआ में ठहराव दिया जाय। |
| 16 | कोरोना काल के बाद कई महत्वपूर्ण स्टेशनों से यात्री गाड़ियों का ठहराव हटा लिया गया है इसे पुनः बहाल करने की मांग की । |
| 17 | गुरपा से मचरक दुन्दु परसा तरी अम्बात्री होते हुए कोडरमा तक नई रेलवे लाइन परियोजना का निर्माण इसका पहले सर्वे भी हुआ था। अभी रुका हुआ है। |
| 18 | गया जंक्शन ( दक्षिण बिहार ) से जयनगर ( उत्तर बिहार ) तक रेल सेवा का परिचालन प्रारंभ करना। |

### 7. माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री भारत सरकार श्री हरदीप सिंह पुरी जी के प्रतिनिधि श्री श्रीकृष्णा गौतम जी

उन्होंने बैठक के अध्यक्ष माननीय सांसद पलामू श्री विष्णु दयाल राम जी बैठक में उपस्थित सभी माननीय सांसद, सांसद प्रतिनिधियों, महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल , मंडल रेल प्रबंधक एवं सभी रेल अधिकारियों का स्वागत करते हुए सिंगरौली - रमना एवं शक्तिनगर – मिर्चाधुरी लाइन के डबलिंग का कार्य पूरा होने पर पूर्व मध्य रेलवे की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि :-

| क्र. संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 1 | रॉबर्ट्सगंज ( सोनभद्र ) और चोपन में स्टॉपओवर के साथ दिल्ली और राँची के बीच राँची- राजधानी एक्सप्रेस की आवृत्ति बढ़ाने के लिए एक लंबे समय से लंबित प्रस्ताव के बारे में अवगत कराया जाय। |
| 2 | चोपन और नई दिल्ली के बीच एक सुपरफास्ट ट्रेन चलाया जाय। |
| 3 | वर्तमान में ट्रेन संख्या 22165/22166 और 21167/21168 हजरत निज़ामुद्दीन से सिंगरौली तक चलती है उसे चोपन तक विस्तारित किया जाय। |
| 4 | उन्होंने सिंगरौली – भोपाल एवं सिंगरौली – निजामुद्दीन एक्सप्रेस का विस्तार चोपन तक करने की मांग की। |
| 5 | जबलपुर – बरगांव पैसेंजर का विस्तार चोपन तक करने की मांग की। |
| 6 | राँची - चोपन एक्सप्रेस का विस्तार त्रिवेणी एक्सप्रेस के विकल्प के रूप में सिंगरौली तथा शक्तिनगर तक करने की मांग की। |
| 7 | उन्होंने गाड़ी संख्या 12873 ( स्वर्णजयंती एक्सप्रेस ) का ठहराव बरवाडीह में देने की मांग की। |
| 8 | एनर्जी कैपिटल के रूप में मशहूर शक्तिनगर तथा अनपरा स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत शामिल कर पुनर्विकसित करने की मांग की। |
| 9 | कटनी -भुसावल ज. पैसेंजर ट्रेन संख्या 51187 का रूट विस्तार चोपन रेलवे स्टेशन तक किया जाए। |
| 10 | राँची - चोपन एक्सप्रेस ट्रेन का रूट विस्तार सप्ताह में 4 दिन शक्ति नगर तथा सप्ताह में 3 दिन सिंगरौली तक किया जाए। |
| 11 | खंभा संख्या 168/4 मिर्चाधुरी तथा फफराखुंड पर रेल अंडरपास का निर्माण किया जाए। |
| 12 | राँची से चलकर चोपन तक चलने वाली एक्सप्रेस गाडी संख्या 18613/18614, 18631/18632 , पटना - सिंगरौली गाड़ी संख्या 13349/13350 एवं हटिया से चलकर आनंद विहार तक चलने वाली स्वर्ण जयंती झारखण्ड एक्सप्रेस गाडी संख्या 12873/12874 का ठहराव विंडमगंज रेलवे स्टेशन पर किया जाए। |

### 8. श्री ढुलू महतो जी, माननीय सांसद , धनबाद के प्रतिनिधि श्री नितिन भट्ट जी

माननीय सांसद महोदय के प्रतिनिधि श्री नितिन भट्ट जी ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे माननीय सांसद श्री विष्णु दयाल राम जी , माननीय सांसद श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी जी, माननीय सांसद श्री कालीचरण सिंह, उपस्थित सांसद प्रतिनिधियों एवं महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल की पूरी टीम का स्वागत करते हुए निम्नलिखित मुद्दों / सुझावों को मंडल संसदीय समिति के समक्ष रखा :-

| क्र. संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 1 | धनबाद - चन्द्रपुरा रेलखंड के सोनारडीह गेट सं. - 7/SP 3T एवं कतरास निचितपुर रेलखंड पर लिलोरी स्थान गेट सं. - 3/ Special/3t पर फ्लाईओवर के निर्माण तक समानांतरण रेल फाटक का निर्माण कराया जाए। |
| 2 | कुसुंडा रेलवे फाटक से जोनल ट्रेनिंग स्कूल भूली होते हुए बासेपुर तक सड़क निर्माण हेतु NOC दिया जाय। |
| 3 | धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी भाग में पुराना बाजार अंडरब्रिज से स्टेशन तक सड़क का जीर्णोद्धार किया जाय। |

| | |
|---|---|
| 4 | धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी भाग से झरिया पुल तक खाली पड़े स्थल पर पार्किंग एवं दूकान बनाकर आवंटित किया जाय । |
| 5 | धनबाद रेल मंडल अंतर्गत रेलवे के आवासीय परिसर की नियमित साफ-सफाई एवं जर्जर आवासों की मरम्मती सुनिश्चित किया जाय। |
| 6 | धनबाद रेलवे अस्पताल को सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में परिवर्तन किया जाय। |
| 7 | धनबाद से नई दिल्ली के लिए सीधी रेल सेवा हेतु नई नई ट्रेन चलाई जाय। |
| 8 | धनबाद से बेंगलुरु लिए सीधी रेल सेवा हेतु नई ट्रेन चलाई जाय। |
| 9 | धनबाद के लिए आपातकालीन कोटा में वृद्धि किया जाए साथ ही जिन ट्रेनों में कोटा नहीं है उसमें कोटा उपलब्ध कराई जाय। |
| 10 | ट्रेन सं 03309/10 धनबाद जम्मूतवी गरीबरथ स्पेशल को नियमित परिचालन करते हुए श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा तक विस्तार किया जाय। |
| 11 | ट्रेन सं. 03397/98 धनबाद नासिक रोड स्पेशल को CSMT तक विस्तार करते हुए नियमित परिचालन किया जाय। |
| 12 | धनबाद हजारीबाग टाउन राँची के बीच MEMU ट्रेन चलाई जाय। |
| 13 | धनबाद रेलवे स्टेशन पर स्थित रिटायरिंग रूम एवं डोरमेट्री को उच्च स्तरीय एवं आधुनिक सुविधा युक्त बनाई जाय। |
| 14 | धनबाद चन्द्रपुरा सवारी गाड़ी 03331/32 का फेरा बढ़ाते हुए नियमित परिचालन किया जाय। |
| 15 | धनबाद - चन्द्रपुरा रेल खंड में सोनारडीह में जाम की समस्या को देखते हुए रेलवे फाटक को बड़ा करने की मांग की। |
| 16 | धनबाद से बड़ी संख्या में लोग ईलाज, रोजगार, शिक्षा हेतु दिल्ली, बैंगलोर, हैदराबाद जाते हैं अतः दिल्ली, बैंगलोर, हैदराबाद के लिए सीधी ट्रेन का परिचालन किया जाना चाहिए जिससे धनबाद की जनता लाभान्वित हो सके । |
| 17 | मालदा -सूरत ट्रेन का फेरा बढाने की मांग करते हुए इस ट्रेन में आपातकालीन कोटा देने की मांग की । |
| 18 | धनबाद स्टेशन में दिव्यांगजनों के लिये स्टेशन में प्रवेश एवं निकास हेतु इलेक्ट्रिक वाहन की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए । |
| 19 | उन्होंने कहा कि मुंबई मेल ट्रेन में आपातकालीन कोटा बढ़ाया जाना चाहिए । |
| 20 | धनबाद से मुंबई सीधी ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जाना चाहिए ताकि धनबाद की जनता इससे लाभान्वित हो सके । |
| 21 | उन्होंने ट्रेनों में कैटरिंग की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए रेल अधिकारियों द्वारा कैटरिंग का नियमित औचक निरीक्षण किये जाने की मांग की । |

**9. श्री मनीष जायसवाल जी माननीय सांसद, हजारीबाग के प्रतिनिधि श्री राजीव जायसवाल जी**

उन्होंने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि :-

| क्र. संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 1 | पतरातू में टोकीसूद रेलवे लाइन के अंतर्गत ( किरिगढ़ा ) पहले से है , वर्तमान में गाँव की दूसरी छोर से एक और रेलवे लाइन एनटीपीसी के लिए प्रस्तावित है , जिसकी किरिगढ़ा गाँव रेलवे लाइन से चारों ओर से घिर जाएगा इसलिए जहाँ पर पूर्व से रेलवे लाइन है वहाँ पर्याप्त जमीन भी है ग्रामीण की सुविधा और रेलवे को जमीन भी अधिग्रहण नहीं करना पड़ेगा वहीँ पर रेलवे लाइन निर्माण कराया जाए। |
| 2 | राँची रोड स्टेशन के समीप मरार में पोल संख्या 92/8 से 92/9 के बीच फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए। |
| 3 | ग्राम सेवटा, बरकाकाना से गोमो जक्शन रूट में गेट नंबर 32/B1/ ट के समीप ओवर ब्रिज बनाया जाए। |
| 4 | आसनसोल से हटिया Intercity Express ( ट्रेन नंबर 22350, 22349) का बड़ी स्टेशन में stoppage दिया जाय साथ ही साथ यह ट्रेन सप्ताह में 5 दिन चलता है इसे प्रतिदिन किया जाए। |

| | |
|---|---|
| 5 | गया मुंबई ट्रेन नंबर 22357, 22358 सप्ताह में मात्र एक दिन चलता है इसे सप्ताह में काम से कम दो दिन किया जाए और इसका स्टॉपेज बरही स्टेशन में दिया जाए क्योंकि बरही के आसपास के लगभग एक लाख से ज्यादा लोग मुंबई में रहते है साथ ही साथ पदमा में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर भी है। |
| 6 | भोपाल-हावडा ट्रेन नंबर 13025, 13026 अहमदाबाद-कोलकाता ट्रेन नंबर 19413, 19414 का राँची रोड स्टेशन में stopage दिया जाए। |
| 7 | कोडरमा हजारीबाग बरकाकाना रेलवे लाइन कोर्ट डबल लाइन किया जाए। |
| 8 | बरकाकाना जंक्शन में वर्तमान में निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें लगभग 100 से ज्यादा दुकानदारों को हटाया जा रहा है उन लोग इस परिसर में दुकान का निर्माण कर आवंटित किया जाए। |
| 9 | हजारीबाग में ट्रेनों की साफ-सफाई एवं अन्य कार्य हेतु Coaching depot का टेंडर हो गया है लेकिन अभी तक कार्य का प्रोग्रेस नहीं है इस कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराया जाए। |
| 10 | हजारीबाग से कोलकाता दिल्ली वेल्लोर के लिए कोई भी ट्रेन नहीं है यहाँ से कोलकाता दिल्ली और वेल्लोर के लिए ट्रेन सेवा शुरू किया जाय। |
| 11 | बगोदर सरिया विष्णुगढ़ टाटी झरिया दारू सदर का आबादी लगभग 5 लाख है यहाँ की इतनी बड़ी आबादी के लिए नई रेलवे लाइन का निर्माण आवश्यक है। |
| 12 | कोडरमा बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन नंबर 53371 , 53372, 53373,53374 में तीन- चार बोगी ही रहता है इसमें कम से कम 06 बोगी किया जाए। |
| 13 | रेलवे साइडिंग में कोयला में चारकोल मिक्सिंग का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है इस पर कार्रवाही किया जाए। |
| 14 | रेलवे साइडिंग से काफी प्रदूषण भी हो रहा है , प्रदूषण को रोकने के उपाय किया जाए। |
| 15 | रेलवे साइडिंग रैक में तारपोलिन कवरिंग नहीं कराया जाता है इस प्रदूषण के रोकथाम हेतु कड़ाई से लागू कराया जाए। |
| 16 | राँची रोड - अरगड्डा रेलवे स्टेशन के बीच पोल संख्या 94/9, 11 फुलसराय वार्ड न. 10, रामगढ नगर परिषद् , रामगढ़ में रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। |
| 17 | भुरकुंडा, पतरातू, बरकाकाना के आसपास के साइडिंग में कोयला से चारकोल बनाने के अवैध कारोबार को कड़ाई से रोकने तथा रेलवे साइडिंग से होने वाले प्रदूषण के रोकथाम हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की भी मांग की। |
| 18 | अंत में उन्होंने बैठक में उठाये गए मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की। |

**10. डॉ0 राजेश मिश्र जी माननीय सांसद ,सीधी के प्रतिनिधि श्री रामजी गुर्जर जी**

उन्होंने बैठक के अध्यक्ष, उपस्थित सांसदगण, सासंद प्रतिनिधियों, रेल अधिकारियों सभी का स्वागत करते हुए अपनी बातों को बैठक में रखते हुए कहा कि :-

| **क्र. संख्या** | **सुझाव** |
|---|---|
| 1 | कोविड काल के पूर्व निम्न ट्रेनों का ठहराव करैला रोड जंक्शन पर था परन्तु कोविड के पश्चात इनका ठहराव समाप्त कर दिया गया। क्षेत्रवासियों की सुविधा को दिष्टिगत रखते हुए करैला रोड जंक्शन पर ट्रेनों का ठहराव पुनः दिया जाए। |
| ( i ) | गाड़ी संख्या 15073/15074 टनकपुर - त्रिवेणी एक्सप्रेस। |
| (ii) | गाड़ी संख्या 15075/15076 टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस। |
| (iii) | गाड़ी संख्या 11447/ 11448 शक्तिपुंज एक्सप्रेस। |
| (iv ) | गाड़ी संख्या 13349/13350 सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस। |
| (v) | गाड़ी संख्या 13343/13344 शक्तिनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस। |
| (vi) | गाड़ी संख्या 13345/13346 सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस। |
| 2 | चोपन -कटनी रेलवे लाइन अप की ओर 170/980 किलोमीटर के नीचे रेलवे अंडर पास का निर्माण किया जाए। |

| | |
|---|---|
| 3 | चोपन -कटनी रेलवे लाइन अप की ओर 179/900 किलोमीटर के नीचे रेलवे अंडर पास का निर्माण किया जाए। |
| 4 | ग्राम पंचायत चुरकी, चकरिया व सिलफोरी के आबादी रेलवे लाइन के दोनों तरफ है जिसके कारण रेलवे लाइन के एक तरफ है परन्तु दूसरी तरफ विद्युतीकरण नहीं हो पा रहा है , जिससे उक्त ग्रामों के ग्रामवासी अब तक विद्युतीकरण से वंचित है। |
| (i ) | चोपन -कटनी रेलवे लाइन अप की ओर 174/855 किलोमीटर सूरजकुंड नाला ब्रिज क्रमांक 88 के नीचे से ग्रामों की शेष आबादी हेतु विद्युतीकरण किए जाने की अनुमति प्रदान किया जाए। |
| (ii ) | चोपन -कटनी रेलवे लाइन अप की ओर 172 किलोमीटर के नउआ नाला ब्रिज क्रमांक 83 के नीचे से ग्रामों की शेष आबादी हेतु विद्युतीकरण किए जाने की अनुमति प्रदान किया जाए। |
| 5 | यात्रियों की सुविधा के लिए चोपन-सिंगरौली के बीच पैसेंजर ट्रेन का परिचालन करने की मांग की। |
| 6 | राँची - चोपन इंटरसिटी एक्सप्रेस का विस्तार का सिंगरौली तक करने की मांग की। |

**11. डॉ0 प्रदीप कुमार वर्मा जी माननीय राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि श्री संजीव कुमार जी**

उन्होंने बैठक के अध्यक्ष, उपस्थित सांसदगण, सासंद प्रतिनिधियों, रेल अधिकारियों सभी का स्वागत करते हुए अपनी बातों को बैठक में रखते हुए कहा कि :-

| क्र. संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 1 | ट्रेन संख्या 53371/72 व 53373/74 कोडरमा-बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन का विस्तार मेसरा/राँची तक किया जाए। ऐसा करने से क्षेत्र के ग्रामीण यात्रियों को राज्य राजधानी राँची आवागमन करने की सुविधा होगी जिससे बड़ी संख्या में किसान, श्रमिक, व्यापारी, विद्यार्थी व व्यवसायी लाभान्वित होंगे। संबंधित प्रस्तावित समय सारणी संलग्न है। |
| 2 | ट्रेन संख्या 53375/76 बरकाकाना-सिधवार पैसेंजर ट्रेन का विस्तार मेसरा / राँची तक किया जाए। |
| 3 | पटना वाया गया न्यू गिरिडीह के लिए ट्रेन चलाई जाए। आज तक गिरिडीह से पटना-गया के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं चल सकी है। |
| 4 | धनबाद से हजारीबाग टाउन के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं है। दोनों शहरों के बीच में एक मेमू पैसेंजर ट्रेन चलाई जाए। |
| 5 | धनबाद से बरकाकाना, गढ़वा रोड, सिंगरौली होते हुए मुंबई/पुणे के लिए नई ट्रेन की नितांत आवश्यकता है. इस पर विचार करें। |
| 6 | पारसनाथ - न्यू गिरिडीह रेल लाइन से संबंधित भूमि अधिग्रहण अविलंब शुरू किया जाए और इसका निर्माण पूर्णतया रेल मंत्रालय के राशिकोष से किया जाए। |
| 7 | भूमिगत आग से ग्रस्त धनबाद - चंद्रपुरा रेल लाइन के विकल्प में प्रस्तावित मतारी-तेलो नई रेल लाइन पर कार्य अविलंब शुरू किया जाए। |
| 8 | पारसनाथ रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में महिला व बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों का आवागमन होता है। उनकी सुविधा के लिए यहाँ लिफ्ट व एस्क्लेटर का प्रावधान किया जाए। |
| 9 | न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन से अब राँची और दिल्ली की ट्रेन चल रही हैं जिस कारण यहाँ यात्रियों के भीड बढ़ गई है। ऐसे में यहाँ यात्रियों के बैठने के लिए बेंच, पेयजल के लिए RO मशीन और यात्री शेड की व्यवस्था की जाए। |
| 10 | सभी उपनगरीय स्टेशनों पर जरूरत के अनुसार ATVM मशीन स्थापित किए जाए। |
| 11 | बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन काफी लम्बा होने के कारण एक और फूट ओवर ब्रिज , यात्रियों के लिए पेयजल की व्यवस्था , जर्जर यात्री शेड का जीर्णोद्धार, आरक्षण काउंटर की व्यवस्था, स्टेशन परिसर की साफ - सफाई एवं ट्रेनों की सूचना के लिए डिजिटल समय - सारणी की आवश्यकता है। |
| 12 | बोकारो थर्मल स्टेशन पर कोलकता - अजमेर ट्रेन का ठहराव दिया जाए। |
| 13 | ट्रेन सं. 18631/18632 राँची चोपन एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन कर प्रतिदिन परिचालित करने का प्रस्ताव भेजा जाय। अब चोपन में कोचिंग लाइन और पीट लाइन का निर्माण भी करोड़ों रु. की लागत से हो चुका है जिसका उपयोग इस ट्रेन के प्रतिदिन परिचालन से हो सकेगा। ट्रेन का प्रतिदिन परिचालन होने से उत्तर प्रदेश के साथ ही झारखंड के यात्री भी लाभान्वित होंगे। ( संभावित समय सारणी सलग्न )। |

| कि. मी. | ट्रेन सं 18632 | राँची –चोपन एक्सप्रेस ट्रेन | ट्रेन सं 18631 | कि. मी. |
|---|---|---|---|---|
| | **18632** | **स्टेशन** | **18631** | |
| 00 km | 04:10 | चोपन | 21:25 | 385 km |
| 41 km | 04:56 | रेनुकूट | 19:47 | 343 km |
| 97 km | 05:53 | नगर उंटारी | 18:54 | 288 km |
| 131 km | 06:50 | गढ़वा | 18:21 | 254 km |
| 174 km | 07:20 | डाल्टनगंज | 17:28 | 211 km |
| 202 km | 07:49 | बरवाडीह | 17:01 | 183 km |
| 242 km | 08:23 | लातेहार | 16:27 | 143 km |
| 274 km | 09:33 | टोरी | 16:01 | 110 km |
| 318 km | 10:25 | लोहरदग्गा | 14:55 | 66 km |
| 385 km | 12:00 | राँची जंक्शन | 13:45 | 00 km |

भारतीय रेलवे के इस प्रयास से रेणुकूट, गढ़वा, डाल्टनगंज, सीआईसी सेक्शन के यात्रियों को झारखंड की राँची राजधानी आने के लिए प्रतिदिन ट्रेन की सुविधा मिल जाएगी। वर्तमान में जो ट्रेन है वह अच्छे यात्री भार से चल रही है।

| | |
|---|---|
| 14 | फुसरो रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म की लम्बाई बढ़ाई जाए, प्लेटफार्म को ऊँचा किया जाए, प्रतिक्षालय हॉल में AC एवं TV की व्यवस्था, पार्किंग स्थल को व्यवस्थित, स्टेशन में लाईट, पानी की समुचित व्यवस्था, स्टेशन परिसर का बाउंड्री वॉल से घेरा किया जाए। |
| 15 | गोमिया स्टेशन एप्रोच रोड की हालत बहुत खराब है, इसकी मरम्मत की जाए, यात्रियों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था, लाईट, शौचालय की व्यवस्था, स्टेशन परिसर का बाउंड्री वॉल से घेरा, स्टेशन की साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की जाए। |
| 16 | LC Gate 11/SpL/T स्टेशन लिमिट में है, इस पर ROB का निर्माण शीघ्र कराया जाए। |
| 17 | गोमिया स्टेशन पर ट्रेन संख्या 19413/19414 और 19607/19608 की ठहराव किया जाए। |
| 18 | ट्रेन संख्या 18623/24 बरकाकाना गोमो पैसेजर ट्रेन में दो आरक्षित बोगी थी जिससे बेरमो एवं आस-पास के लोग पटना जाने के लिए आरक्षित बोगी में यात्रा करते थे। 2015 के बाद आरक्षित बोगियों को हटा दिया गया। आरक्षण से यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी दिक्कत होती है। उपरोक्त ट्रेन में दो आरक्षित बोगी फिर से जोड़ी जाए। |
| 19 | भोपाल-हावड़ा साप्ताहिक ट्रेन संख्या 13025 बोकारो थर्मल में ठहराव नहीं होता है, जिससे कोलकाता जाने वाले यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उपरोक्त ट्रेन का बोकारो थर्मल में ठहराव दिया जाए। |
| 20 | कोलकाता-मंदार एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन संख्या 19607 इस ट्रेन का ठहराव बोकारो थर्मल में नहीं है, जिसके चलते CCL तथा DVC में कार्यरत बंगाल निवासियों को कष्ट होता है। उपरोक्त ट्रेन का बोकारो थर्मल में ठहराव कराया जाए। |
| 21 | निम्नलिखित ट्रेनों का कोडरमा स्टेशन पर ठहराव दिया जाए:-<br>(i) 22317/18 सियालदह-जम्मू हमसफर<br>(ii) 12357/58 कोलकाता-अमृतसर एक्सप्रेस<br>(iii) 12371/72 हावड़ा-लालकुआँ एक्सप्रेस |
| 22 | निम्नलिखिति साप्ताहिक ट्रेनों को तीन दिन किया जाए:-<br>(i) ट्रेन सं. 15020/21 शालीमार-गोरखपुर एक्सप्रेस<br>(ii) 12937/38 गांधी धाम एक्सप्रेस<br>(iii) 18609/10 रांची लोकमान्य तिलक |
| 23 | कोडरमा स्टेशन में प्लेटफार्म सं० 3 पर यात्री शेड का निर्माण, प्लेटफार्म सं0 5 पर शौचालय के निर्माण की अति आवश्यकता है। |
| 24 | धनबाद जिला अन्तर्गत छोटा अम्बोना रेलवे स्टेशन के पश्चिम छोर में अन्डर पास/ओवर ब्रिज के निर्माण की आवश्यकता है। |
| 25 | कालुबाथान रेलवे प्लेटफार्म पर यात्री शेड का निर्माण कराया जाए। |

| | |
|---|---|
| 26 | प्रधानखांटा स्टेशन पर सुलभ शौचालय की आवश्यकता है। |
| 27 | धनबाद आसनसोल पैसेजर ट्रेन पुनः चालू की जाए। |
| 28 | प्रधानखांटा स्टेशन पर कोलफिल्ड एक्सप्रेस, धनबाद पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस, ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस के ठहराव की आवश्यकता है। |
| 29 | ट्रेन सं. 14372/14371 त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस जो बरवाडीह झारखंड से खुलकर चोपन में त्रिवेणी एक्सप्रेस में लिंक होकर टनकपुर जाती है। पलामू प्रमंडल के इस क्षेत्र से लखनऊ जाने के लिए मात्र एक यही ट्रेन थी, जिसे बंद कर दिया गया है या तो इस ट्रेन को ( लिंक एक्सप्रेस ) में जोड़कर चालू किया जाए या नई ट्रेन परिचालित की जाए। |
| 30 | गढ़वा टाउन स्टेशन जो जिला मुख्यालय है, यह छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश एवं बिहार राज्य की सीमा से जुड़ा हुआ जिला है। इस स्टेशन पर ट्रेन संख्या 12453 राजधानी एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18009 अजमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 19414 अहमदाबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 19607 मदार एक्सप्रेस जिसका ठहराव गढ़वा टाऊन स्टेशन पर शीघ्र किया जाए, जिससे हजारों यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी। |
| 31 | गढ़वा टाउन स्टेशन जो जिला मुख्यालय है, यह छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश एवं बिहार राज्य की सीमा से जुड़ा हुआ जिला है। इस स्टेशन पर ट्रेन संख्या 12453 राजधानी एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18009 अजमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 19414 अहमदाबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 19607 मदार एक्सप्रेस जिसका ठहराव गढ़वा टाऊन स्टेशन पर शीघ्र किया जाए, जिससे हजारों यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी। |
| 32 | ट्रेन संख्या 18614/18613 राँची - चोपन एक्सप्रेस झारखंड से उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिला चोपन तक जाती है। इस ट्रेन के चलने से पलामू प्रमंडल ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के लोग भी लाभांवित होते है। इस ट्रेन का विस्तार वाराणसी तक किया जाए। |
| 33 | ट्रेन संख्या 11448/11447 शक्तिपुंज एक्सप्रेस जो जबलपुर से हावड़ा (अप/ डाउन) का विस्तार करते हुए मुम्बई महानगरी तक किया जाए। |
| 34 | ट्रेन संख्या 12874/12873 झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को प्रतिदिन परिचालित किया जाए। |
| 35 | कटनी-चोपन पैसेंजर ट्रेन (अप डाउन) सुबह 7:00 बजे एवं 10:00 बजे खुलती थी। जिससे पलामू प्रमंडल के लोग भारी संख्या में यात्रा करते थे। इस ट्रेन को कोरोना काल से बंद कर दिया गया। जिससे पलामू प्रमंडल के लोगों को आवागमन में कष्ट होता है, इसे पुनः चालू कराया जाए। |
| 36 | निम्नलिखित तीन ट्रेनों को चोपन तक विस्तारित किया जाए:-<br>(i) ट्रेन संख्या 22166 ऊर्जाधानी एक्सप्रेस<br>(ii). ट्रेन संख्या 22167 सिंगरौली हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस<br>(iii) ट्रेन संख्या 11652 सिंगरौली एक्सप्रेस<br>इन सभी ट्रेनों का मेन्टीनेंस चोपन स्टेशन पर करते हुए, चोपन से ही परिचालित किया जाए, जिससे झारखंड के यात्री लाभ उठा सकें।<br>चोपन से राँची के लिए मेमो ट्रेन दोपहर में दिया जाए। |
| 37 | चोपन से राँची के लिए मेमो ट्रेन दोपहर में दिया जाए। |
| 38 | ट्रेन सं. 12383/84 सियालदाह आसनसोल इंटरसिटी सुपरफास्ट का विस्तार न्यू गिरिडीह होते हुए कोडरमा तक किया जाए।<br><br>गिरिडीह रेलवे स्टेशन से कोलकाता के लिए कोई ट्रेन नहीं है ऐसे में कोलकाता के लिए सीधी रेल सेवा का होना यहाँ की जनता के व्यापक हित में है। कोलकाता सीधी रेल सेवा से जुड़ने से इस क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और यात्रियों की सुविधा भी बढ़ेगी। गाण्डेय, गिरिडीह, जमुआ और धनवार क्षेत्र के लोगों को कोलकाता के लिए सीधी रेल सेवा उपलब्ध होगी और अतिरिक्त रैक की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। 14 बोगी के साथ परिचालित हो रही यह ट्रेन आसनसोल आगमन के बाद 9.30 घंटों के बाद वापस जाती है। सुझाव है कि इस ट्रेन में अतिरिक्त स्लीपर के 3 कोच और 3AC का 1 कोच लगाकर सियालदाह-आसनसोल इंटरसिटी सुपरफास्ट को न्यू गिरिडीह होते हुए कोडरमा तक विस्तारित किया जाए। जिससे वाणिज्य कारोबार बढ़ेगा, रोजगार के नये माध्यम सृजित होंगे और रेलवे का राजस्व भी बढेगा। |

| | |
|---|---|
| 39 | **गिरिडीह रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं के संबंध में:-** |
| (i) | गिरिडीह स्टेशन के अंतिम छोर में प्लेटफार्म के ऊपर सौन्दर्यीकरण हेतु बनाए गए उद्यान को तत्काल हटाना चाहिए। इस उद्यान के कारण काफी गंदगी फैल रही है और प्लेटफार्म पर अनावश्यक रूप से अतिक्रमण हो रहा है, इस उद्यान की वर्षों से देख - रेख न होने के कारण इसमें झाड़ियाँ उग आई है। यहाँ उद्यान का कोई औचित्य भी नहीं है। |
| (ii ) | स्टेशन परिसर के सर्कुलेटिंग एरिया की सड़क का निर्माण तत्काल कराना चाहिए क्योंकि सर्कुलेटिंग एरिया की सड़क बिल्कुल टूट गई है और आए दिन इस सड़क के कारण बुजुर्ग, महिलाओं एवं बच्चों को दुर्घटना का सामना करना पड़ता है। |
| (iii) | गिरिडीह स्टेशन पर अत्यंत गंदगी के कारण यात्रियों को असुविधा हो रही है इस स्टेशन पर साफ - सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर होना चाहिए। |
| (iv) | न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन के लिए पहुँच पथ का अविलंब निर्माण कराया जाए और यात्रियों की जानकारी हेतु मुख्य मार्ग से सूचना पट लगाया जाए ताकि यात्रियों को यह पता चल सके कि न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन जाने का मार्ग कौन सा है। |
| (v) | गाड़ी संख्या 12315 अनन्या एक्सप्रेस का संचालन वर्षों से साप्ताहिक किया जा रहा है। यह ट्रेन कोलकाता से खुलकर राजस्थान की ओर भाया आसनसोल, मधुपुर, पटना होकर प्रस्थान करती है। विदित है कि आसनसोल से लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन तक के यात्रियों के लिए राजस्थान जाने हेतु प्रतिदिन कोई भी ट्रेन संचालित नहीं हो रही है. जिसके कारण इस क्षेत्र के लोगों को राजस्थान जाने हेतु अन्य विकल्पों का सहारा लेना होता है, जिससे संबंधित यात्रियों को वर्षों से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अगर इस ट्रेन का संचालन प्रतिदिन कर दिया जाता है तो इस क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी तथा रेलवे के राजस्व में भी काफी वृद्धि होगी। |
| 40 | गाड़ी संख्या 13153/54 आसनसोल हटिया एक्सप्रेस का ठहराव सलैया स्टेशन में देने की मांग की। |
| 41 | गाड़ी संख्या 58663/64 हटिया - सांकी पैसेंजर ट्रेन का विस्तार हजारीबाग टाउन तक करने की मांग की। |
| 42 | उन्होंने दिल्ली - मुंबई की ट्रेनों में इमरजेंसी कोटा की संख्या बढाने की मांग की। |
| 43 | धनबाद स्टेशन के थ्रू लेन में यात्रियों से पार्किंग चार्ज लिया जा रहा है इस पर ध्यान देने की मांग की। |
| 44 | उन्होंने DFCC रेलवे लाइन के अंतर्गत धनबाद स्टेशन के आसपास के प्रस्तावित लोडिंग-अनलोडिंग पॉइंट की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की। |

## 12. श्रीमती महुआ माजी जी माननीया राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि श्री लक्खी सोरेन जी

सांसद प्रतिनिधि द्वारा बैठक को संबोधित करते हुए निम्न सुझावों को रखा गया : -

| क्र. संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 1 | मुंबई मेल , दून एक्सप्रेस का कुमारधुबी स्टेशन में ठहराव होना चाहिए। |
| 2 | धनबाद पटना इंटरसिटी का कुमारधुबी स्टेशन ठहराव होना चाहिए। |
| 3 | आसनसोल – वाराणसी पैसेंजर ट्रेन में दो बाथ रूम है उसे बढ़ाया जाय। |
| 4 | ट्रेनों की बोगी में CCTV कैमरा लगा होना चाहिए। |
| 5 | धनबाद से दिल्ली , मुंबई , बेंगलुरु , सूरत तथा हैदराबाद के लिए सीधी ट्रेन होनी चाहिए। |
| 6 | धनबाद - बेंगलुरु ट्रेन वाया बोकारो राँची राउरकेला , झारसुगड़ा , संबलपुर होकर परिचालित की जाय। |
| 7 | धनबाद - पुणे ट्रेन वाया बरकाकाना , सी आई सी सेक्शन , टोरी लातेहार , डाल्टनगंज , गढ़वा , रेणुकूट , चोपन , सिंगरौली , कटनी , जबलपुर , भुसावल होकर परिचालित कराई जाय। |
| 8 | राँची से नई दिल्ली वाया बरकाकाना , हजारीबाग टाउन , कोडरमा होते हुए ट्रेन का परिचालन शुरू कराया जाय। इसका प्रस्ताव हजारीबाग के आसपास के लोगों के लिए रेलवे बोर्ड को भेजा जाय। |
| 9 | धनबाद से राँची ( वाया चन्द्रपुरा , बोकारो थर्मल , फुसरो , बरकाकाना ) फ़ास्ट मेमू ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाय। |

| | |
|---|---|
| 10 | गढ़वा से राँची ( वाया डाल्टनगंज , लातेहार , टोरी , लोहरदग्गा ) फ़ास्ट मेमू ट्रेन का परिचालित करने की पहल की जाय। |
| 11 | हजारीबाग से राँची फ़ास्ट मेमू ट्रेन परिचालित करने की पहल अतिशीघ्र की जाय। |
| 12 | कोडरमा, पारसनाथ, हजारीबाग, गढ़वा, डाल्टनगंज , बरकाकाना स्टेशन पर लिफ्ट और एस्केलेटर की व्यवस्था के साथ ही स्टेशन पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाय। स्टेशनों पर सीढ़ी के जगह रैंप लगाया जाय ताकि सीनियर सिटीजन , महिलाओं एवं बीमार यात्री आसानी से आवागमन कर सकें। |
| 13 | यह कहीं से भी उचित नहीं है कि भारतीय रेलवे हमारे प्रदेश से केवल राजस्व की उगाही करे और यात्री सुविधा और नई नई रेल सुविधा पडोसी राज्यों में दी जाय। यह असंतोष है। आपसे आग्रह है कि यात्रियों के हित में मेरे उपर्युक्त सुझाव पर अग्रतर पहल की जाय। |
| 14 | आसनसोल पैसेंजर ट्रेन के पुनः परिचालन की मांग की। |
| 15 | उन्होंने DFCC लाइन के निर्माण के लिए कुमारधुबी में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। |
| 16 | उन्होंने गाड़ी संख्या 13351/ 52 धनबाद अलाप्पुज्हा एक्सप्रेस में AC कोच की संख्या बढाने की मांग की। |
| 17 | उन्होंने धनबाद स्टेशन के एंट्री गेट के आसपास फैली गंदगी तथा उचित साफ सफाई नहीं होने की जानकारी देते हुए इसपर ध्यान देने की मांग की। |

**13. श्री दीपक प्रकाश जी माननीय राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि श्री रणजीत कुमार सिंह जी**

उन्होंने बैठक के अध्यक्ष, उपस्थित सांसदगण, सासंद प्रतिनिधियों, रेल अधिकारियों सभी का स्वागत करते हुए अपनी बातों को बैठक में रखते हुए कहा कि :-

| क्र. संख्या | सुझाव |
|---|---|
| **1** | **ट्रेनों के विस्तारीकारण की आवश्यकता** |
| (i) | ट्रेन संख्या 03387/88 धनबाद - नासिक रोड स्पेशल ट्रेन का विस्तार मुंबई तक किया जाए। ऐसा करने से धनबाद, बरकाकाना, पलामू व सिंगरौली क्षेत्र के लोगों को मुंबई के लिए सीधी ट्रेन के सुविधा मिल जाएगी और क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही इस से ट्रेन की आर्थिक व्यवहारिता भी बढ़ेगी। |
| (ii) | ट्रेन संख्या 13233/34 दानापुर-राजगीर एक्सप्रेस व ट्रेन संख्या 03321/22 राजगीर-कोडरमा एक्सप्रेस को मर्ज किया जाए और इसका विस्तार न्यू गिरिडीह तक  किया जाए। वर्तमान में दानापुर - राजगीर इंटरसिटी ट्रेन के रैक का इस्तेमाल करके राजगीर से पैमार बंधुआ हुआ होते हुए कोडरमा तक स्पेशल ट्रेन के रूप में चलाया जा रहा है। दोनों की समय सारणी में बदलाव करके दानापुर से न्यू गिरिडीह वाया कोडरमा एक्सप्रेस ट्रेन के रूप में चलाने से गिरिडीह के यात्रियों को पटना के लिए पहली बार सीधी ट्रेन मिल जाएगी। |
| (iii) | ट्रेन संख्या 12383/84 सियालदह-आसनसोल एक्सप्रेस का विस्तार न्यू गिरिडीह होते हुए कोडरमा तक किया जाए ताकि गिरिडीह, जमुआ, राजधनवार क्षेत्र के लोगों को कोलकाता की दैनिक सीधी ट्रेन मिल जाए। इसके लिए पूर्व रेलवे से आवश्यक समन्वय बनाया जाए। |
| (iv) | ट्रेन संख्या 58663/64 हटिया-सांकी पैसेंजर ट्रेन का विस्तार हजारीबाग टाउन तक किया जाए। ऐसा करने से हजारीबाग के ग्रामीण यात्रियों को राँची  के लिए दैनिक पैसेंजर ट्रेन की सुविधा मिल जाएगी। इसका प्रस्ताव दक्षिण-पूर्व रेलवे ने रेलवे बोर्ड को पहले ही भेज दिया है, कृपया  इसकी स्वीकृति अपने यहाँ से दें। |
| (v) | ट्रेन संख्या 53371/72 व 53373/74 कोडरमा-बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन का विस्तार मेसरा /रांची तक किया जाए। ऐसा करने से क्षेत्र के ग्रामीण यात्रियों को राज्य की राजधानी रांची आवागमन करने की सुविधा होगी जिससे बड़ी संख्या में किसान, श्रमिक, व्यापारी, विद्यार्थी व व्यवसायी लाभान्वित होंगे। |
| (vi) | ट्रेन संख्या 53375/76 बरकाकाना-सिधवार पैसेंजर ट्रेन का विस्तार मेसरा /राँची  तक किया जाए। |
| (vii) | ट्रेन संख्या 53369/70 कोडरमा-मधुपुर पैसेंजर ट्रेन का विस्तार जसीडीह तक किया जाए ताकि कोडरमा और गिरिडीह के लोगों को देवघर की दैनिक सीधी ट्रेन की सुविधा उपलब्ध हो सके। |

| | |
|---|---|
| (viii) | ट्रेन संख्या 15626/25 अगरतला देवघर साप्ताहिक का धनबाद तक विस्तार इस ट्रेन के विस्तार से धनबाद उत्तर-पूर्वी भारत से जुड़ जाएगा तथा इससे टूरिज्म एवं रोजगार व्यापार से यात्रा करने वालों को सुविधा होगी। |
| **2** | **लंबी दूरी की नई ट्रेनों की आवश्यकता** |
| (i) | पटना से गया होकर न्यू गिरिडीह के लिए ट्रेन चलाई जाए। आज तक गिरिडीह से पटना-गया के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं चल सकी है। |
| (ii) | हजारीबाग टाउन से हावड़ा के लिए नई दैनिक ट्रेन चलाई जाए जो सप्ताह में चार दिन धनबाद होकर और 3 दिन टाटानगर होकर चले। ऐसा करने से हजारीबाग से धनबाद-टाटानगर के साथ कोलकाता के लिए सीधी ट्रेन मिल जाएगी जो आज तक नहीं मिल सकी है। |
| (iii) | हजारीबाग टाउन से बरकाकाना होते हुए धनबाद के लिए मेमू ट्रेन का परिचालन किया जाए। हजारीबाग और धनबाद झारखंड राज्य के बड़े शहर हैं लेकिन आज तक हजारीबाग से रेल मंडल मुख्यालय के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं चल सकी है। |
| (iv) | धनबाद से बरकाकाना, गढ़वा रोड, सिंगरौली होते हुए पुणे के लिए एक अमृत भारत ट्रेन चलाई जाए। इस रूट पर मुंबई के लिए कोई ट्रेन नहीं है जिसकी नितांत आवश्यकता है। |
| (v) | धनबाद से बोकारो स्टील सिटी, राँची, सूरत होते हुए अहमदाबाद के लिए एक अमृत भारत ट्रेन चलाई जाए जिसकी पुरजोर माँग है। |
| (vi) | राँची से बरकाकाना, हजारीबाग टाउन होते हुए दिल्ली के लिए एक नई अमृत भारत ट्रेन चलाई जाए। इसके लिए दक्षिण-पूर्व रेलवे के साथ आवश्यक समन्वय बनाया जाए। |
| **3** | **ट्रेनों के ठहराव हेतु** |
| (i) | ट्रेन संख्या 13513/14 आसनसोल-हटिया एक्सप्रेस का ठहराव सलैया में दिया जाए। सलैया स्टेशन गिरिडीह शहर के पचंबा क्षेत्र के करीब है और यहाँ से जनता को आवागमन करने में सुविधा होगी। |
| (ii) | ट्रेन संख्या 12937/38 हावड़ा-गाँधीधाम गरबा एक्सप्रेस का ठहराव पारसनाथ में दिया जाए। इससे गिरिडीह जिले की यात्रियों को कोटा, रतलाम, वडोदरा और अहमदाबाद की यात्रा करने में सुविधा होगी। साथ ही गुजरात व राजस्थान के तीर्थयात्रियों को श्री सम्मेद शिखरजी पारसनाथ आने में सुविधा होगी और झारखंड में पर्यटन का विस्तार होगा। |
| **4** | **नई ट्रेनों का परिचालन** |
| (i) | धनबाद - आरा जंक्शन ओवरनाइट एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाय। वर्तमान में धनबाद से आरा के बीच कोई सीधी ट्रेन सेवा नहीं है जिससे लाखों यात्रियों को पटना जाकर गाड़ी बदलनी पड़ती है। भोजपुर, विक्रमगंज, पीरो के बहुत लोग व्यापार एवं आजीविका के लिए धनबाद में निवास करते हैं जिन्हें विवाह एवं पर्व त्योहार में सीधी ट्रेन सेवा न होने से समस्या होती है। अतः गंगा दामोदर एक्सप्रेस की तर्ज पर गया सासाराम पिरो होते हुए धनबाद आरा रात्रि ट्रेन चलाई जाए। |
| (ii) | धनबाद ओखा सुपरफास्ट ट्रेन सेवा की शुरुआत वर्तमान में धनबाद, बोकारो, राँची से भगवान श्री कृष्ण के कर्मभूमि श्री द्वारकापुरी जाने के लिए कोई ट्रेन सेवा नहीं है। साथ ही गुजरात के प्रमुख औद्योगिक नगरों यथा सूरत, वडोदरा, अहमदाबाद, राजकोट एवं जामनगर से झारखंड के प्रमुख नगरों की कनेक्टिविटी के लिए यह ट्रेन अति आवश्यक है। यह ट्रेन दोनों राज्यों के बीच रोजगार एवं व्यापार के उद्देश्य से यात्रा करने वाले लोगों के लिए वरदान सिद्ध होगी। |
| **5** | **नई रेल लाइन निर्माण से संबंधित** |
| (i) | पारसनाथ - न्यू गिरिडीह रेल लाइन से संबंधित भूमि अधिग्रहण अविलंब शुरू किया जाए और इसका निर्माण पूर्णतया रेल मंत्रालय के राशिकोष से किया जाए। |
| (ii) | भूमिगत आग से ग्रस्त धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन के विकल्प में प्रस्तावित मतारी-तेलो नई रेल लाइन पर कार्य अविलंब शुरू किया जाए। |
| **6** | **रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधा के विस्तार हेतु** |
| (i) | धनबाद रेल मंडल के जिन रेलवे स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज में सीढ़ी बनाने की योजना है उनके स्थान पर रैंप का निर्माण कराया जाए। |

| | |
|---|---|
| (ii) | हजारीबाग टाउन स्टेशन पर चल रहे कोचिंग डिपो के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए जिससे हजारीबाग टाउन से महानगरों के लिए लंबी दूरी की ट्रेन भविष्य में चलाई जा सके। |
| (iii) | पारसनाथ रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में महिला व बुजुर्ग तीर्थ यात्रियों का आवागमन होता है। उनकी सुविधा के लिए यहाँ लिफ्ट व रैंप का प्रावधान किया जाए। |
| (iv) | न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन से अब राँची और दिल्ली की ट्रेन चल रही है जिस कारण यहाँ यात्रियों के भीड़ बढ़ गई है। ऐसे में यहाँ यात्रियों के लिए बैठने के लिए बेंच, पेयजल के लिए RO मशीन, और यात्री शेड की व्यवस्था की जाए। |
| (v) | सभी उपनगरीय स्टेशनों पर जरूरत के अनुसार ATVM मशीन स्थापित किए जाएं। |
| 7 | उन्होंने धनबाद से बरकाकाना-सिंगरौली मार्ग से पुणे, धनबाद से बोकारो मार्ग से अहमदाबाद तथा धनबाद से आरा के लिए नई ट्रेन चलाने की मांग की। |
| 8 | उन्होंने गाडी संख्या 12321/22 मुंबई मेल में इमरजेंसी कोटा बढ़ाने की मांग की। |
| 9 | उन्होंने धनबाद स्टेशन के FOB में add agency के विज्ञापन के कारण प्लेटफ़ॉर्म संख्या के demarcation नजर नहीं आने की जानकारी देते हुए इस पर ध्यान देने की मांग की। |

**14. श्री आदित्य प्रसाद जी माननीय राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि श्री सरोज सिंह जी**

सांसद प्रतिनिधि द्वारा बैठक को संबोधित करते हुए निम्न सुझावों को रखा गया : -

| क्र. संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 1 | चैनपुर स्टेशन के समीप सोनडीहा रेलवे फाटक के स्थान पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किया जाए। |
| 2 | मेसरा और साकी के बीच स्थित हुंदुर स्टेशन में हाई मास्ट (High mast ) एवं स्ट्रीट लाइट की स्थापना किया जाए। |
| 3 | उन्होंने कोरोना काल के बाद कई महत्वपूर्ण स्टेशनों से यात्री गाड़ियों के ठहराव को पुनः बहाल करने की मांग की । |

**15. डॉ0 सरफराज अहमद जी माननीय राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि श्री सुल्तान अहमद जी**

उन्होंने बैठक के अध्यक्ष, उपस्थित सांसदगण, सासंद प्रतिनिधियों, रेल अधिकारियों सभी का स्वागत करते हुए अपनी बातों को बैठक में रखते हुए कहा कि :-

| क्र. संख्या | सुझाव |
|---|---|
| 1 | विदित है कि धनबाद डिवीजन के अन्तर्गत न्यू गिरीडीह रेलवे स्टेशन पर रेलवे का साइडिंग स्थल है, जहाँ लौह अयस्क /कोयला तथा एफ०सी०आई० के अनाज का दुलाई तथा उठाव किया जाता है। इस रेलवे स्टेशन के पास गादी. जमनिया आदि कई गाँव अवस्थित है, जहाँ घनी आबादी बसती है। उक्त साईडिंग स्थल से दिनभर धूल-गर्दा उड़ने से गांव के लोग प्रभावित है तथा कई लोग बीमारी से ग्रसित रहते हैं। साथ ही उक्त रेलवे साइडिंग स्थल के दूसरी तरफ स्कूल है जहाँ से बच्चों को मालगाड़ी के नीचे से आना -जाना पड़ता है जो काफी खतरनाक भी हो सकता है।<br><br>अतः वर्णित परिप्रेक्ष्य में मेरी अनुशंसा है कि उक्त रेलवे साइडिंग को शिफ्ट कर निम्नांकित जगह में से किसी एक स्थल पर शिफ्ट कराने हेतु कृपया शीघ्र कार्रवाई की जाय-<br><br>(i) महेशकुडा और जगदीशपुर स्टेशन के आसपास जहाँ कोई आबादी नहीं बसती है।<br>(ii) पचम्बा सलैया से जमुआ के बीच किसी स्थान पर। |
| 2 | पारसनाथ स्टेशन पर लिफ्ट या स्वचालित सीढ़ी की व्यवस्था किया जाए। |

| | |
|---|---|
| 3 | धनबाद स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ी बन्द रहती है। उसे चालू किया जाए। |
| 4 | धनबाद स्टेशन । न० प्लेटफार्म पर पार्किंग को खोला जाए। |
| 5 | धनबाद स्टेशन पार्किंग में आने वाले यात्री वाहन को 5 मिनट के लिए पार्किंग शुल्क फ्री किया जाए। |
| 6 | तेतुलमारी स्टेशन प्लेटफार्म को लम्बा बनाया जाए। |
| 7 | भूली स्टेशन पर प्लेटफार्म बनाया जाए। |
| 8 | न्यू गिरिडीह स्टेशन के पास स्थित साइडिंग की वजह से क्षेत्र में हो रहे प्रदूषण की जानकारी देते हुए इस पर अविलम्ब कार्रवाई करने की मांग की। |
| 9 | धनबाद स्टेशन के थ्रू लेन में यात्रियों से पार्किंग चार्ज लिया जा रहा है इसपर ध्यान देने की मांग की। |
| 10 | उन्होंने तेतुलमारी स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म की लम्बाई छोटी रहने के कारण गाड़ी संख्या 13307/08 गंगा सतलज एक्सप्रेस तथा 13329/30 गंगा दामोदर एक्सप्रेस के कोच के प्लेटफ़ॉर्म से बाहर रहने की जानकारी देते हुए इसका विस्तार करने की मांग की। |

अंत में उन्होंने माननीय सांसदों, सांसद प्रतिनिधियों द्वारा उठाये गए मुद्दों के शीघ्र समाधान करने की मांग की जिससे की बैठक की सार्थकता सिद्ध हो सके। उन्होंने सभी माननीय सांसदों / माननीय सांसदों के प्रतिनिधियों की ओर से बैठक के आयोजन हेतु रेल प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक को वर्ष में 3 बार आयोजित करने का सुझाव दिया।

मंडल संसदीय समिति की बैठक में सभी माननीय सांसदों / माननीय सांसदों के प्रतिनिधियों द्वारा अपने महत्वपूर्ण सुझावों एवं मुद्दों पर चर्चा के उपरांत महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर द्वारा सभी माननीय सांसदों / माननीय सांसदों के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

बैठक के अंत में अपर मंडल रेल प्रबंधक/ओपी. द्वारा धनबाद मंडल की ओर से मंडल संसदीय समिति के अध्यक्ष माननीय सांसद पलामू श्री विष्णु दयाल राम जी , माननीय सांसद गिरीडिह श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी जी, माननीय सांसद श्री कालीचरण सिंह जी एवं बैठक में उपस्थित माननीय सांसदों के प्रतिनिधियों का अपनी व्यस्त दिनचर्या में से समय निकाल कर बैठक में उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण विचार एवं सुझाव देने हेतु आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज कि मंडल संसदीय समिति की बैठक ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने और विकास की दिशा में ठोस कदम उठाने का अवसर प्रदान किया है। हम सभी को विश्वास है कि आपके विचार और सुझाव हमें इस मंडल को और अधिक ऊँचाईयों पर ले जाने में मदद करेंगे। उन्होंने इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय एवं बैठक में आये पूर्व मध्य रेल के सभी विभागाध्यक्षों का उनके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन हेतु विशेष रूप से आभार प्रकट किया। साथ ही मंडल रेल प्रबंधक महोदय, अपर मंडल रेल प्रबंधक /इन्फ्रा. एवं धनबाद मंडल के सभी शाखा अधिकारियों को इस बैठक के सफल आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यह आशा जताई कि पूर्व मध्य रेल की पूरी टीम एकजूटता के साथ धनबाद रेल मंडल और भारतीय रेलवे को नई ऊँचाईयों तक ले जाने के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य करती रहेगी।

*******************